दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 145 जयपुर, रविवार, 05 मई, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**सत्ता के नशे में कोर्ट के आदेश की अनदेखी:** पीड़ित का आरोप... व्यक्तिगत रंजिश को लेकर ध्वस्त की दुकान

# 48 साल पूर्व आवंटित दुकान मंत्री के दबाव में तोड़ी

- नगर परिषद की कार्रवाई के दौरान खुद मंत्री किरोड़ीलाल मीणा रहे मौजूद
- यूडीएच मंत्री झाबरमल खर्रा ने स्पष्ट कहा- दोषियों पर होगी कार्रवाई

## बिना नोटिस के ही कर डाली अवैध कार्रवाई


**बेधड़क** | जयपुर

सवाईमाधोपुर के बजरिया रोड स्थित नामचीन हवामहल पान भंडार नाम की दुकान को नगर परिषद ने शनिवार को कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के दबाव में बिना कोई नोटिस दिए ही तोड़ दिया। इससे दुकान मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। खास बात है कि नगर परिषद के अधिकारियों की कार्रवाई के दौरान खुद किरोड़ीलाल मीणा मौके पर मौजूद रहे। पीड़ित के परिजनों के अनुसार किसी आपसी रंजिश के चलते उन्होंने (मीणा ने) दुकान ध्वस्त करवा दी।

इस मामले में जब नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह से बिना वजह दुकान तोड़ने की बात को लेकर फोन पर कॉल व मैसेज करके संपर्क किया तो उन्होंने जवाब देना तो दूर फोन तक रिसीव नहीं किया। मंत्री मीणा की इस दबंगई से इलाके के लोगों में रोष व्याप्त हो गया और मौके पर सैकड़ों लोग जमा होकर हंगामा करने लगे। इसे पूरे षड्यंत्र में नगर परिषद के साथ में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं।




@ध्वस्त दुकान



### 1976 से नगर पालिका को चुका रहे किराया

पड़ताल में सामने आया कि बजरिया रोड पर गोपाल लाल शर्मा को दुकान नगर पालिका की नोटिफाई एरिया कमेटी ने किराए पर दी थी। गोपाल लाल 1976 से दुकान का किराया नगर पालिका को चुका रहे हैं। इसके बाद भी अधिकारियों ने बिना किसी नोटिस व जांच पड़ताल किए बगैर दुकान में तोड़फोड़ कर दी।




### राजीनामे के बाद डिक्री हो चुकी थी, फिर भी कार्रवाई

वर्ष 1980-81 में नगर पालिका के तत्कालीन अधिकारियों ने दुकान हटाने के लिए गोपाल लाल को नोटिस दिया था। तब गोपाल लाल कोर्ट से स्टे ले लिया। बाद में यह मामला लोक अदालत में चला गया तो कई सालों तक चलता रहा। इसके बाद में नगर पालिका और गोपाल लाल शर्मा के बीच में कोर्ट में राजीनामा हुआ था। राजीनामा होने के बाद कोर्ट ने दुकान की डिक्री गोपाल के नाम से कर दी। कोर्ट में हुए राजीनामे के अनुसार कोर्ट ने नगर पालिका को आदेश दिए थे कि उसी स्थान पर वादी को नगर पालिका उसकी स्थान पर पक्की दुकान बनाकर देगी। तब तक वादी उसी स्थान पर और उसी किराए पर केबिन पर व्यवसाय करता रहेगा। नगर पालिका हटवाएगी नहीं। नगर पालिका चार केबिन बनाकर देगी। उसमें से प्रथम केबिन वादी (गोपाललाल शर्मा) को दिया जाएगा।

### हाई कोर्ट ने भी किया था नगर पालिका पर जुर्माना

पड़ताल में सामने आया कि लोक अदालत का फैसला आने के बाद तत्कालीन नगर पालिका के कई अधिकारी बदले गए, लेकिन एक तत्कालीन कलेक्टर ने नगर पालिका के अधिकारियों के साथ मिलकर दुकान को हटाने के लिए लोक अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। अलबत्ता, हाई कोर्ट ने गोपाल लाल शर्मा के पक्ष में फैसला दिया और लोक अदालत में हुए राजीनामे व डिक्री को सही माना। इसके बाद हाई कोर्ट ने तत्कालीन क आयुक्त पर दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था।



@मौके पर बुलडोजर और मंत्री (नीचे)



### अब कोई विवाद नहीं... फिर भी तीन दिन पहले आयुक्त ने दे डाली तोड़ने की धमकी

पीड़ित गोपाल लाल के भाई कृष्ण कुमार ने बताया कि इस मामले में कोर्ट से राहत मिलने के बाद उनके ही रिश्तेदार शंकर लाल ने कोर्ट में खुद की दुकान होने का दावा किया था, लेकिन कुछ दिनों बाद ही उसने कोर्ट से अपनी अपील को वापस ले ली थी। शंकर लाल ने कुछ साल पहले फिर कोर्ट में दुकान का दावा किया था। तब कोर्ट ने फिर शंकर लाल की अपील को खारिज कर गोपाललाल के पक्ष में फैसला किया था। इस पर शंकर लाल ने हाई कोर्ट में अपील कर दी थी और इस मामले में फिलहाल हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसके अलावा इस दुकान को लेकर कोई विवाद नहीं था और हर माह गोपाल लाल द्वारा किराया दे रहे थे, लेकिन तीन दिन पहले नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह दुकान पर आए और धमकी दी कि दुकान नगर पालिका की है, इसको तोड़ेंगे। पीड़ित ने दुकान तोड़ने का कारण पूछा तो कोई जवाब नहीं दिया और शनिवार को नगर परिषद का जाब्ता मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के इशारे पर भेज दिया और मीणा की मौजूदगी में कार्रवाई कर डाली।

---

## जरूरी खबर

### रेप के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना के पिता हिरासत में



**बेंगलुरु।** कर्नाटक जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना को विशेष जांच दल (एसआईटी) ने हिरासत में ले लिया है। एसआईटी एक महिला के अपहरण के मामले की जांच कर रही है। साथ ही, वह उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना पर लगे बलात्कार के आरोपों की भी जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि जिस महिला के बेटे ने एचडी रेवन्ना और उनके सहयोगी सतीश के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था, उसे कर्नाटक पुलिस ने ढूंढ लिया है। महिला को बेंगलुरु लाया जा रहा है और फिर उससे एसआईटी बात करेगी।

-पेज 8 भी देखें

---

**प्रदेश के मौसम में बदलाव के आसार**

# चढ़ेगा पारा... चलेगी लू

- जयपुर सहित कई जगह बादल छाए... मगर बरसे बगैर लौट गए

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के मौसम में लगातार बदलाव नजर आ रहा है. वहीं, शनिवार को प्रदेश के जोधपुर, भरतपुर, उदयपुर, जयपुर और अजमेर में बादल छाए रहे, लेकिन कहीं से बारिश के समाचार नहीं हैं। वैसे, अधिकांश स्थानों पर बादल शाम होते-होते छंट गए।

बहरहाल, मई की शुरुआत के साथ ही प्रदेश में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) से मिले अपडेट के अनुसार आने वाले दो-तीन दिनों में राज्य के अधिकतम तापमान में और दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने और लू चलने की संभावना है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों का तापमान भी साझा किया है। ऐसे में प्रदेश के लोगों को भीषण गर्मी और लू का सामना करना पड़ेगा।

मौसम विभाग के अनुसार सात मई को प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान में 44-45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही जोधपुर, बीकानेर संभाग में कहीं कहीं लू चलने की संभावना है। सात मई को जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर जिलों में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। इसी तरह आठ मई को भी जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, नागौर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, कोटा और बारां जिलों में कहीं-कहीं लू की संभावना है। ऐसे में इन जिलों के लोगों को तेज गर्मी के साथ ही लू का भी सामना करना पड़ेगा। इन जिलों में लू को लेकर भारतीय मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

### फिलहाल बारिश का अपडेट नहीं

मौसम विभाग के अपडेट के अनुसार इन जिलों के तापमान में आने वाले दिनों में वृद्धि दिखेगी। इस दौरान बारिश को लेकर कोई अपडेट नहीं है, इसलिए राजस्थान के लोगों को गर्मी का सामना कई दिनों तक लगातार करना पड़ेगा।





### तापमान का हाल

पिछले चौबीस घंटों में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा बाड़मेर में 41.2, सवाईमाधोपुर 41.9, जालोर में 41.4, कोटा में 41, डूंगरपुर में 40.9, करौली 40.3, बीकानेर एवं सिरोही में 40-40, धौलपुर में 39.9, भीलवाड़ा में 39.6, फतेहपुर में 39.4, अलवर में 39.2, भरतपुर, चूरू एवं चित्तौड़गढ़ में 39-39, जयपुर में 38.7, पिलानी 38.9 और अजमेर में 38.8 डिग्री दर्ज किया गया ।

---

**गोल्ड स्मगलिंग में लिप्त एंबेसडर...**

# अफगान डिप्लोमेट जकिया पकड़ी गईं... दिया इस्तीफा





**बेधड़क** | मुंबई

राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), मुंबई द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज एयरपोर्ट पर 18 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के 25 सोने की छड़ें, जिसका वजन 25 किलोग्राम था, के साथ कथित तस्करी के आरोप में पकड़ी गई अफगानिस्तान की डिप्लोमेट जकिया वारदाक ने शनिवार को इस्तीफा दे दिया। जाकिया ने इसकी जानकारी अपने एक्स पर एक पोस्ट कर दी। उन्होंने डीआरआई के खिलाफ बिना मतलब प्रेस अनुचित तरीके से लक्षित करने (अनफेयर टारगेटिंग) और मानहानि का आरोप लगाते हुए यह पोस्ट किया है।

### पद के कारण गिरफ्तारी नहीं

बता दें कि डीआरआई ने 58 वर्षीय जाकिया को 25 अप्रैल को दुबई से भारत की यात्रा करने के दौरान मुंबई एयरपोर्ट पर सोने की के साथ पकड़ा था। हालांकि, जाकिया को उनके पद के कारण प्राप्त राजनयिक छूट के कारण डीआरआई ने गिरफ्तार नहीं किया। इस दौरान उनके साथ उनका बेटा भी सफर कर रहा था।

---


**जम्मू-कश्मीर में फिर आतंकी हमला**

# पुंछ में वायु सेना के वाहन पर फायरिंग, एक जवान शहीद... एक गंभीर

- जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पुलवामा जैसा आतंकी हमला
- आतंकियों ने वायु सेना के वाहन को निशाना बनाकर हमला किया
- सेना ने पूरे इलाके को घेरा, फायरिंग के बाद आतंकी फरार

**बेधड़क** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों ने पुलवामा जैसे हमले को अंजाम दिया है। इस हमले में एक जवान शहीद हो गया है, जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हमले में पांच जवान घायल हुए थे, जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान एक जवान ने दम तोड़ दिया। दरअसल, आतंकियों ने शनिवार शाम को एक वायु सेना के वाहन को निशाना बनाकर हमला किया है। आतंकियों ने वाहन पर फायरिंग की है।



### कहां हुआ आतंकी हमला

जानकारी के अनुसार वायु सेना का एक वाहन सनाइ टॉप गांव की तरफ जा रहा था। रास्ते में घात लगाकर बैठे आतंकियों ने वाहन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। यह हमला अचानक से किया गया। हमला करने के बाद आतंकी मौके से भाग गए। इस हमले की जानकारी मिलने के बाद सेना और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया गया।




### पहले भी हुआ हमला

दरअसल, कुछ दिन पहले ही एक और हमला हुआ था। उधमपुर में एक वीडीजी पर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें उसकी मौत हो गई थी।

### आतंकी जंगल की तरफ भागे

बताया गया है कि हमला करने के बाद आतंकी जंगल की तरफ भाग गए। उनकी तलाश में अतिरिक्त टीमों को जंगल में लगाया गया है, ताकि आतंकियों को मार गिराया जा सके। यद्यपि फिलहाल अधिकारिक स्तर पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन बताया गया है कि पांच जवान घायल हुए हैं।

### सेना का बयान... सर्च ऑपरेशन जारी

सेना की तरफ से कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शाहसितार के पास आतंकियों ने भारतीय वायुसेना के वाहन काफिले पर हमला कर दिया। स्थानीय सैन्य इकाइयों की ओर से क्षेत्र में फिलहाल घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है। काफिले को सुरक्षित कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## जरूरी खबर

### एसीबी डीजी मेहरड़ा को दी शुभकामनाएं



**बेधड़क. जयपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान के अध्यक्ष डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में डीजी पद पर नियुक्ति होने पर बधाई देने का सिलसिला जारी है। शनिवार को ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे एम्प्लाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीएल बैरवा ने उनके घर जाकर बधाई दी इस अवसर पर सोसाइटी के उपाध्यक्ष अजय भूपेश, मंडल अध्यक्ष राम सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम बाबू लाल गौतम व लाल मोहन मीणा ने भी मेहरड़ा को फूल बुके भेंट कर बधाई दी।

### 85 वर्ष से अधिक के लोगों ने डाले 57.8 फीसदी वोट

**बेधड़क.जयपुर।** प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत 85 वर्ष से अधिक आयु के 57.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य में 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल पंजीकृत 5,71,843 मतदाताओं में से 3,30,141 ने मतदान किया है। 2,73,450 मतदाताओं ने ईवीएम और 56,691 मतदाताओं ने होम वोटिंग के तहत मतदान किया है। गुप्ता ने बताया कि होम वोटिंग के तहत 85 वर्ष से अधिक आयु के 98.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया है। प्रदेश में कुल पंजीकृत 58,659 बुजुर्ग मतदाताओं में से 56,691 ने अपने घर से मतदान किया है।

### राजमार्ग-52 पर फिर लगने लगे बजरी के ढेर



**बेधड़क.जयपुर।** एक तरफ माइंस डिपार्टमेंट अवैध खनन के खिलाफ अभियान चला रहा है। इसके बावजूद खनन माफिया बेखौफ दिख रहे हैं। इसकी बानगी राजमार्ग-52 पर देखी जा सकती है। बूंदी हिण्डोली क्षेत्र के तालाब गांव में बजरी के प्रकरण में सीबीआई की जांच चल रही है। इसके बावजूद अभी भी बजरी माफिया यहां भारी मात्रा में स्टॉक करने में जुटे हैं। दर्जनों बजरी के डंम्पर व ट्रैलर अवैध बजरी के परिवहन में लिप्त हैं। तालाबगांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर लगे अवैध बजरी के ढेर खुलेआम प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। सरकार की सख्ती के दबाव में प्रशासन बजरी के एकाध ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ कागजी खानापूर्ति कर बड़े सिंडिकेट पर पर्दा डाल देता है।

राजस्थान विश्वविद्यालय में PHD सीटों पर प्रवेश का नहीं थम रहा विवाद, विद्यार्थियों का विरोध जारी

# ‘हमने परीक्षा पास की, साक्षात्कार के लिए बुलाएं’ के लगे पर्चे

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय में पीएचडी सीटों पर प्रवेश लेने का विवाद थम नहीं रहा। इसे लेकर छात्र संगठन की ओर से प्रोटेस्ट किया गया, लेकिन एंट्रेंस एग्जाम देने वाले अभ्यार्थियों को ना तो छात्र संगठनों की ओर से किए जा रहे आंदोलन रास आ रहे हैं और ना ही कुलपति प्रो अल्पना कटेजा की बेरुखी। पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम देने वाले छात्र लगातार कुलपति आवास के बाहर पर्चे चस्पा कर रहे हैं। पहले उन्होंने ‘आंदोलन नहीं, प्रवेश चाहिए’ जैसे पर्चे लगाएं और अब कुलपति को कांग्रेसी बताते हुए ‘आरयू छोड़ने’ के पर्चे चस्पा किए हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय में करीब 2 साल से पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम नहीं हुआ था। इस साल एंट्रेंस एग्जाम आयोजित हुआ, लेकिन फिलहाल ये परीक्षा विवाद का विषय बनी हुई है। पहले परीक्षा में वार्ड कोटा तय किया गया, जिसे छात्र संगठनों के विरोध के बाद हटाया गया और जब परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया तो उसमें केवल दो गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। जबकि परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी 50 फीसदी से ज्यादा अंक वाले अभ्यर्थियों को मौका देने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर वीसी ने मामला दर्ज कराया है।




### कुलपति आवास पर चस्पा हो रहे पर्चे

इसे लेकर कुलपति आवास के बाहर हर दिन नए पर्चे चस्पा मिल रहे हैं। शनिवार को कुलपति आवास के बाहर ‘आरयू कुलपति प्रोफेसर और कर्मचारियों को आपस में लड़ाना बंद करो’, ‘पीएटी परीक्षा के लिए 3085 रुपए दिए हैं, हमने परीक्षा पास की है, साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए’, पीएटी में 50 प्रतिशत लाने वालों को प्रवेश दो’। यही नहीं, प्रोफेसर अल्पना कटेजा की तस्वीर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ लगाते हुए उन्हें कांग्रेसी कुलपति बताकर ‘आरयू छोड़ने’ जैसे पर्चे कुलपति आवास के बाहर चस्पा किए गए।

### इससे पहले से लगे थे पर्चे

राजस्थान विश्वविद्यालय में इससे पहले भी कुलपति आवास के बाहर ‘एबीवीपी, एनएसयूआई नहीं चाहिए, पीएचडी में प्रवेश चाहिए’, ‘आंदोलन नहीं, प्रवेश चाहिए’, ‘छात्र संगठन राजनीति नहीं करें, छात्रों के हितों के लिए काम करें’ जैसे पर्चे भी चस्पा किए गए थे। इनमें भी विद्यार्थियों ने आक्रोश जताया था। अब नया विवाद पीएचडी की सीटों को लेकर हो रहा है। विद्यार्थी कुलपति आवास के बाहर अपनी मांगों को लेकर पर्चे चस्पा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अलग-अलग मामलों में प्रस्तावों का किया अनुमोदन

# भ्रष्टाचार मामलों में एक अधिकारी बर्खास्त, चार को सीसीए नोटिस

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में चार महीने पहले बनी भजनलाल सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। सरकार ने शनिवार को अधिकारियों के विरुद्ध लंबित 12 प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया, जिसमें अलग-अलग मामलों में एक अधिकारी को बर्खास्त कर दिया।

वहीं, चार अफसरों को 17 सीसीए का नोटिस दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उप श्रम आयुक्त, अलवर के कनिष्ठ सहायक देशराज सिंह गुर्जर को भ्रष्टाचार के मामले में न्यायालय की ओर से दोष सिद्धि होने व कारावास और अर्थदंड से दंडित किए जाने के बाद सेवा से बर्खास्त किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। अब श्रम विभाग कनिष्ठ सहायक को सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्ट कार्मिकों के विरूद्ध सरकार की ओर से लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री की ओर से अलवर की एसएसबी इंजीनियर्स प्रा. लि. और टपूकड़ा की मै. खुशखेड़ा स्टील्स प्रा. लि. के खिलाफ कारखाना अधिनियम की धारा 7ए के तहत न्यायालय में अभियोजन चलाने के प्रस्तावों का अनुमोदन किया है। इन कारखानों में अधिनियम में अंकित सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन होने से दुर्घटना के कारण तीन श्रमिकों की मौत हो गई थी। अब श्रम विभाग इन कारखानों के प्रबंधकों के विरूद्ध न्यायालय में अभियोजन चलाएगा।

### लंबित 11 प्रकरणों का किया निस्तारण

इसी क्रम में सुशासन में राज्यकर्मियों की अहम भूमिका को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरुद्ध लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही के 11 प्रकरणों का निस्तारण किया है। बता दें कि इन निस्तारित प्रकरणों में से 2 प्रकरणों में चार विकास अधिकारियों के खिलाफ शिकायत के आधार पर सीसीए नियमों की धारा 17 ए के तहत जांच का पूर्वानुमोदन किया गया है।



### भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति

वहीं, मुख्यमंत्री ने जीरो टॉलरेंस की नीति का परिचय दिया है। इसके तहत उन्होंने पांच अधिकारियों के विरूद्ध आरोप प्रमाणित होने पर सीसीए नियम 16 के तहत दंडित करने का निर्णय किया है। इसमें एक सेवानिवृत्त अधिकारी का प्रकरण भी शामिल है। साथ ही अन्य दो प्रकरणों में संतोषजनक तथ्यों के अभाव में पुनरावलोकन याचिका को खारिज किया है।

### मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार मामलों को लेकर दिख रहे गंभीर

मुख्यमंत्री भजनलाल की ओर से भ्रष्टाचारी अधिकारियों व कर्मचारियों पर दोष सिद्ध होने के बाद उनकी बर्खास्तगी व नोटिस देन के कदम से भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलने का परिचय दे रहे हैं। साथ ही अब वे ऐसे मामलों में किसी प्रकार का समझौता भी बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने प्रदेश में भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात कही थी। मुख्यमंत्री के इस कदम से अब कहीं न कहीं यह बात पूरी होती भी दिख रही है। साथ ही प्रदेश में भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सरकार की ओर से सीधा संदेश है कि भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे में अब आगे भी भ्रष्ट कार्मिकों के खिलाफ सरकार सख्त कदम उठाएगी।

CM ने कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा...

# कांग्रेस ने विकास कार्यों पर नहीं दिया ध्यान: शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पिछली कांग्रेस सरकार ने विकास कार्यों में बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया ,केवल भ्रष्टाचार में ही डूबी रही। इसलिए आज हर विधानसभा में विकास कार्यों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को अपने आवास पर विधानसभा क्षेत्र सांगानेर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक में यह बात कही। बैठक में 39 वार्डों के पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी 5 मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से एक विधानसभा में मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता रहती है ,राजस्थान की भाजपा सरकार उस दिशा में काम कर रही है, निश्चित रूप से किसी भी विधानसभा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव नहीं रहेगा। भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश की सरकार ने विकास की गति पकड़ ली है । शुरुआती दिनों में ही विकास कार्य को ध्येय मानते हुए कार्य किए। उसकी चर्चा सभी ओर है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सांगानेर विधानसभा में सभी विकास कार्यों को लेकर सुझाव दें और जहाँ भी विकास की ज़रूरत है चाहे पानी, बिजली, सीवरेज, सेक्टर रोड, सड़कें, अस्पताल, हर घर नल या बारिश के पानी का जमाव की बात हो, उसमें निश्चित रूप से सुधार किया जाएगा और सांगानेर के साथ साथ प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से महापौर सौम्या गुर्जर, श्रीप्रकाश तिवाडी अभय पुरोहित, नवरत्न नरानियां, अशोक रावतानी, राजेन्द्र खरबास, जगदीश चंद्रावत, ओमप्रकाश शर्मा, अशोक यादव, निर्मल शर्मा भंवर लील आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रवासी राजस्थानियों में बढ़ा CM का क्रेज

**जयपुर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव की वोटिंग के बाद अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार अलग-अलग राज्यों में दौरे कर लगातार चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जिन राज्यों में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी या मारवाडी रहते हैं, वहां खास तौर पर स्थानीय प्रत्याशियों द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भेजने की मांग आ रही है। सीएम शर्मा 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के बाद झारखंड के धनबाद, हजारीबाग, राँची एंव पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर, कोलकाता उत्तर और दिल्ली में सभा प्रचार कर चुके हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

# प्रदेश में होने वाले लेनदेन में दूसरे राज्य का स्टांप पेपर मान्य नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ने बीमा पॉलिसियों को लेकर कहा कि राजस्थान में होने वाले लेन-देन के लिए राज्य के बाहर से खरीदा गया स्टांप पेपर मान्य नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट भारतीय जीवन बीमा निगम की अपीलों को खारिज करते हुए यह आदेश दिया।

अदालत ने राज्य सरकार से कहा है कि जिस समय बीमा स्टांप नहीं थे, उस समय की स्टांप ड्यूटी के बारे में मांग नहीं की जाए। न्यायाधीश पीएस नरसिम्हा व न्यायाधीश अरविन्द कुमार की खंडपीठ ने 20 साल से चल रहे विवाद पर यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने राज्य के 1952 के स्टांप कानून को वैध ठहराया। वहीं, कहा कि राष्ट्रपति की मंजूरी से बना राज्य का कानून केन्द्र के कानून से ऊपर होगा।

कोर्ट ने कहा कि स्टांप ड्यूटी भी कर के रूप में है और राज्य सरकार को बीमा पॉलिसियों पर स्टांप ड्यूटी वसूल करने का हकदार है।

एलआईसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि भारतीय स्टांप अधिनियम 1899 के अंतर्गत देश में स्टांप ड्यूटी ली जा रही है। राजस्थान सरकार ने इसी अधिनियम के अंतर्गत राज्य में 1952 का स्टांप अधिनियम बनाया। राज्य को बीमा पॉलिसियों पर स्टांप ड्यूटी लेने का अधिकार नहीं है।

राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष सिंघवी ने कहा कि राज्य सरकार को स्टांप ड्यूटी वसूल करने का अधिकार है।

भारतीय स्टांप अधिनियम 1899 के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी से राजस्थान सरकार ने 1952 का स्टांप अधिनियम बनाया। संविधान के अनुसार ऐसे में विवाद की स्थिति में राज्य के अधिनियम के प्रावधान ही प्रभावी माने जाएंगे।

माउंट आबू पहुंचे सिक्किम के सीएम ने कहा...

# जेंटल पॉलिटिक्स से ही होती है समाज सेवा

**बेधड़क** | जयपुर

दो दिवसीय प्रवास पर सपरिवार माउंटआबू आए सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग ने कहा कि यदि आज लोगों से पूछो तो अधिकतर लोग कहते हैं कि डर्टी पॉलिटिक्स हो गई है। मेरा मानना है कि जेंटल लोग जेंटल पॉलिटिक्स करते हैं। इससे ही समाज सेवा होती है।

उन्होंने कहा कि धर्म में राजनीति को नहीं डालना चाहिए, बल्कि राजनीति में अध्यात्म को डालने से राजनीति का रूप बदल जाता है। वे राजनीति में धर्म को समावेश करने का प्रयास करते हैं। सीएम तमांग ब्रह्माकुमारीज संस्थान के ज्ञान सरोवर में संस्थान के लोगों से बात कर रहे थे। अपने दो दिवसीय माउंटआबू प्रवास के दौरान सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग ने अध्यात्म और ध्यान में ज्यादा समय दिया। वे ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंटआबू स्थित ज्ञानसरोवर तथा माउंटआबू ध्यान कक्ष में काफी देर रहे। उनके साथ उनकी धर्म पत्नी कृष्णा भी साथ थी। सीएम तमांग ने परिवार सहित नक्की झील में बोटिंग करते हुए प्रकृति का लुत्फ उठाया। वे ज्ञान सरोवर के बाद, ग्लोबल अस्पताल तथा पांडव भवन का भी अवलोकन करने पहुंचे, जहां उन्होंन कुछ समय तक ध्यान-साधना की। इसके बाद वे उदयपुर के लिए रवाना हो गए।



अवैध निर्माण पर गरजा बुलडोजर

# ईकोलॉजिकल जोन में अवैध कॉलोनियां बसाने का प्रयास किया विफल

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से प्रवर्तन दस्ते ने जोन-10 के ईकोलॉजिकल जोन में अवस्थित ग्राम जामडोली प्रीति पैराडाइज के पास करीब 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवाए भूमि को समतल कर केशव विहार विस्तार के नाम से बनाई जा रही अवैध कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

पिछले दिनों मौका पाकर यहां रातों-रात बनाई गई ग्रैवल-मिट्टी की सड़कें, बाउन्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त मिली थी। इसके बाद प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी व मजदूरों की सहायता से निर्माण को ध्वस्त किया और अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। अतिक्रमियों से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का नियमानुसार खर्चा-वसूला जाएगा।



### रोपाडा ग्राम में भी ढहाए अवैध निर्माण

जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलॉजिकल जोन में ग्राम रोपाड़ा में दूसरी कार्रवाई की गई। इसमें करीब 6 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति एवं बिना भू-रूपान्तरण करवाए भूमि को समतल कर ‘आनन्द विहार’के नाम से विगत दिवसों में रातों-रात मौका पाकर बनाई गई ग्रैवल-मिट्टी की सड़कें, मकानों की बाउन्ड्रीवाल, निर्माणाधीन ढांचें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया और अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

## शहर की सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणी रियाड के निर्देश पर शनिवार को सात अधिकारियों की टीम ने सातों जोनों की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान मौके पर हाजिरी रजिस्टर देखे गए। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों द्वारा रिफ्लेक्टर जैकेट पहनने व अन्य संसाधनों सहित कई चीजों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही मौके पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ चालान भी काटा गया। अधिकारियों ने आमजन को भी शहर को साफ रखने एवं गीले, सूखे कचरे को अलग-अलग कर हूपर में डालने की समझाइए भी की। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, उपायुक्त (स्वास्थ्य) नवीन भारद्वाज, उपायुक्त (कार्मिक) कविता, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी रश्मि काकरिया सहित जोन डीसी टीम में मौजूद रहे। टीम ने सुबह 7 बजे से दौरा शुरू किया जो की 10 बजे तक जारी रहा। मौके पर अनुपस्थित पाए गए एवं सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर तीन सफाई कर्मचारी एवं एक सफाई निरीक्षक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।



## जरूरी खबर

### खेतेश्वर महाराज की शोभायात्रा निकाली



**जयपुर।** खेतेश्वर महाराज के 112वें जन्म कल्याण महोत्सव पर राजपुरोहित समाज की ओर से अनंत श्री ब्रह्म ऋषि ब्रह्मचर्य ब्रह्मसावित्री सिद्ध पीठाधीश्वर गुरुदेव तुलछाराम जी महाराज के सानिध्य में खासा कोठी स्थित एक होटल में जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गणपति प्लाजा से शुरू होकर अमरापुर, एमआई रोड से कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई। होटल में भजन संध्या 'एक शाम खेतेश्वर दाता के नाम' का आयोजन किया गया।

### सेंट्रल पार्क में आज लगेंगे हंसी के ठहाके

**जयपुर।** विश्व हास्य दिवस पर गुरुकुल योग संस्थान की ओर से 5 मई को सेंट्रल पार्क में हास्य का कार्यक्रम आयोजित होगा। गुरुकुल योग संस्थान के मुख्य संरक्षक राजू मंगोड़ी वाले ने बताया कि इसमें जयपुर के कई नामी हास्य कलाकार जयपुर वालों को हंसाने आएंगे, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने जयपुर का नाम रोशन किया है। योग गुरु महेंद्र सिंह ने बताया कि संस्थान हास्य के इस कार्यक्रम को पिछले 20 सालों से आयोजित कर रहा है।

### जीकेप की प्रदेश स्तरीय मीटिंग आज

**जयपुर।** गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद (जीकेप) राजस्थान की प्रदेश स्तरीय मीटिंग रविवार को विकास अध्ययन संस्थान झालाना सांस्थानिक क्षेत्र में आयोजित की जाएगी। समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि बैठक में भवन निर्माण सम्बंधी महत्वपूर्ण निर्णय और अनेक गतिविधियों के बारे में चर्चा की जाएगी। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष मौजूद रहेंगे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com

पर E- Mail करें।


**SMS में आ रहे मरीजों में 15 साल या उससे छोटे बच्चे ज्यादा, दवा का स्टॉक रखने के निर्देश**

# गर्मी बच्चों पर पड़ रही भारी, OPD में उल्टी-दस्त के पीड़ित बढ़े

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में गर्मी बढ़ने के साथ मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। इनमें 15 साल और उससे छोटे बच्चों की संख्या ज्यादा है। इसे देखते हुए हेल्थ डिपार्टमेंट ने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को गर्मी से बचने के लिए पर्याप्त उपाय करने के साथ सभी हॉस्पिटल, पीएचसी-सीएचसी में दवाइयों का स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं। राजस्थान के सबसे बड़े हॉस्पिटल सवाई मानसिंह (एसएमएस) की रिपोर्ट देखें तो यहां ओपीडी में मरीजों की संख्या में 25 फीसदी का इजाफा हुआ है। एसएमएस की ओपीडी में सामान्य दिनों में मरीजों की संख्या 8 से 9 हजार के बीच रहती है, लेकिन अब ये संख्या बढ़कर 12 हजार के पार रहने लगी है। 29 अप्रैल से 3 मई तक ओपीडी में मरीजों की संख्या 12 हजार से ज्यादा रही है। इसमें 13 से 15 फीसदी मरीज तो ऐसे है, जो जनरल ओपीडी में दिखाने आ रहे हैं। इसमें खांसी-जुकाम के अलावा उल्टी-दस्त की शिकायत आ रही है।





### हर 10 में से 3 बच्चे डायरिया के मरीज

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियांशु माथुर के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ ही डायरिया और पेट दर्द के मरीज ज्यादा आने लगे हैं। हर 10 में 3 बच्चे इसी की शिकायत लेकर हॉस्पिटल पहुंच रहे है। बच्चों में उल्टी-दस्त के साथ डिहाइड्रेशन की शिकायत ज्यादा हो रही है। इसके कारण इन दिनों आईपीडी में भी मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

### ओपीडी में कुछ केस आ रहे उल्टी-दस्त के

एसएमएस हॉस्पिटल में जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जीएल धायल ने बताया- ओपीडी में मरीजों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन गर्मी से प्रभावित मरीजों की संख्या में अभी ज्यादा इजाफा नहीं हुआ है। कुछ मरीज है, जिनको उल्टी-दस्त की शिकायत आ रही है। इन्हें एक-दो दिन के लिए भर्ती भी किया जा रहा है। हालांकि ये संख्या तापमान ज्यादा होने के बाद बढ़ने की संभावना ज्यादा है।

### रैन-बसेरे बनवाने के निर्देश

सीईओ डॉ. शिल्पा सिंह ने प्रशासन के अधिकारियों संग बैठक कर बढ़ती गर्मी और आने वाले दिनों में शुरू होने वाले लू के प्रकोप से आमजन के बचाव के लिए प्रशासन के लिए की जाने वाली तैयारियों का रिव्यू किया। उन्होंने लू एवं गर्मी से बेघर, बेसहारा व्यक्तियों के बचाव के लिए रैन बसेरे बनाने के निर्देश दिए। इन रैन बसेरों में दिन के समय आराम करने वाले व्यक्तियों को बिछाने के लिए दरियों की व्यवस्था करने, पीने के लिए ठंडे पानी और यहां पर्याप्त आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयों, ओ.आर.एस. घोल के पैकेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डॉ. प्रियांशु माथुर ने बताया कि मौसम में हो रहे लगातार बदलाव के कारण बच्चों में ये बीमारी हो रही है। इसके अलावा गर्मी में जंक फूड, दूसरी चीजें खाने से भी शिकार हो रहे हैं।

**हेरिटेज निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान**

# श्रमदान के लिए उठे हजारों हाथ, 2 घंटे में मावठा साफ



**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज की ओर से आमेर के प्रसिद्ध मावठा सरोवर में शनिवार सुबह विशेष सफाई अभियान चलाया गया। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा की अपील पर इस विशेष सफाई अभियान में श्रमदान करने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी उमड़ पड़े।

सुबह सात बजे से दो घंटे तक चले इस अभियान में हर कोई मावठे को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दे रहा था। आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर हेरिटेज नगर निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने भी स्वच्छता के लिए अपना श्रमदान किया। इस दौरान आमेर महल अधीक्षक राकेश छोलक ने भी अपनी टीम के साथ श्रमदान किया।

**आमजन एतिहासिक पर्यटन स्थलों को भी रखें साफः** हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि हमारे प्राकृतिक जल स्त्रोत साफ और संरक्षित रहे, इसी उद्देश्य को ध्यान रखते हुए हेरिटेज निगम ने आमेर के मावठे में ये विशेष सफाई अभियान चलाया।

आमजन को चाहिए कि वे इन एतिहासिक धरोहरों की रक्षा करें, इन्हें स्वच्छ रखें। मावठा सरोवर में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें। ये सभी के लिए नुकसानदायक है। हमारे इस अभियान में शहरवासियों ने प्लॉगिंग एक्टिविटी यानि मॉर्निंग वॉक करते हुए श्रमदान कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। हेरिटेज निगम आगे भी अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोत और एतिहासिक स्थलों पर साफ सफाई करेगा। उन्होंने बताया कि इस तरह से अभियान से लोगों के अंदर भी स्वच्छता के प्रति भावना जाग्रत होती है।

हेरिटेज निगम वार्डों में भी ऐसी एक्टिविटी के जरिए आमजन को जागरूक करेगा। सफाई अभियान के बाद सभी लोगों को शहर को स्वच्छ रखने की शपथ भी दिलाई गई।

**जयपुर को स्वच्छ बनाने की शपथ**





### दो हजार लोग जुटे रहे दो घंटे

अतिरिक्त आयुक्त ड़ा रौनक बैरागी ने बताया कि सफाई अभियान में आमेर स्थित मावठा की सफाई की गई। इस दौरान हेरिटेज निगम के ब्राण्ड एम्बेसेडर सिंगर रविन्द्र उपाध्याय और कनिका भी मौजूद रही। सिंगर रविन्द्र उपाध्याय ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। श्रमदान के लिए हेरिटेज निगम ने संसाधन उपलब्ध कराए, जिनमें आठ ट्रेक्टर ट्राली, 10 हूपर और दो जेसीबी से कचरा उठाया गया। सफाई अभियान में करीब दो हजार लोग मौजूद रहे। इस दौरान करीब आठ टन से अधिक कचरा मावठे से इकट्ठा किया गया।

### इन संस्थाओं ने किया श्रमदान

सामाजिक संगठन और संस्थाओं में जयपुर व्यापार महासंघ, गोपाल जी का रास्ता व्यापार मण्डल, मनिहारों का रास्ता व्यापार मण्डल, जलमहल व्यापार मण्डल, आमेर व्यापार मण्डल, रामगढ रोड व्यापार मण्डल, सी फॉर एनजीओ, होटल फैडरेशन ऑफ राजस्थान, क्लब महिन्द्रा, सुबोध स्कूल, भूमि एनजीओ, ग्राम भारती समिति आमेर, नई उमंग एनजीओ, जलमहल के वेंडर्स, सुबोध कॉलेज एनएसएस टीम, कदम्ब कुण्ड एवं ताल कटोरा विकास समिति, महावीर इंटरनेशनल एनजीओ, जय भारत जन चेतना मंच, माधवी शिक्षा संस्था, जयपुर ग्राफर्स इंस्टाग्राम, एजुकेशन और कर्मचारी ग्रुप आदि निजी संस्थाओं और स्कूल का सहयोग रहा।

**आज पर्यटन के दो बड़े आयोजन**

# ट्रेवल बाजार में 200 एग्जीबिटर्स करेंगे उत्पादों का प्रदर्शन



**बेधड़क** | जयपुर

जयमहल पैलेस में रविवार शाम 7 बजे से द ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार (जीआईटीबी) के 13वें संस्करण का उद्घाटन होगा। इस मौके पर राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय महानिदेशक आईएएस मनीषा सक्सेना, फिक्की टूरिज्म एंड कल्चरल कमेटी के चेयरपर्सन दीपक देवा, फिक्की के महासचिव एस के पाठक, फिक्की पूर्व अध्यक्ष डॉ. ज्योत्सना सूरी, राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ.रश्मि शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहेंगे। इस व्यापक आयोजन में 52 देशों से 242 प्रमुख इनबाउंड फॉरेन टूर ऑपरेटर्स (एफटीओ) फॉरेन बॉयर्स के रूप में हिस्सा लेंगे। मार्ट के दौरान प्रमुख लक्जरी और हेरिटेज होटल चेन्स और रिसॉर्ट्स, इंडियन स्टेट टूरिज्म बोर्ड, डेस्टिनेशन मैनेजमेंट कम्पनीज, एडवेंचर एंड वाइल्डलाइफ टूरिज्म, लक्जरी और एमआईसीई टूर ऑपरेटर्स, आयुर्वेद और वेलनेस सेंटर्स, ट्रेवल टेक्नोलॉजी कंपनियां, निवेशक और वित्तीय संस्थान अपने विभिन्न प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इंटरनेशनल मार्ट के इस विशाल बाजार में 300 बूथ्स पर लगभग 200 भारतीय एग्जीबिटर्स द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। 6 एवं 7 मई को सीतापुरा में दो दिन 10,000 पूर्व-निर्धारित, संरचित बी2बी बैठक होंगी।

# 'वेड इन इंडिया' एक्सपो में होंगी पैनल चर्चाएं

**बेधड़क** | जयपुर

होटल रामबाग पैलेस में रविवार सुबह 10:30 बजे से एक दिवसीय 'वेड इन इंडिया' एक्सपो का आयोजन होगा।

एक्सपो के उद्घाटन समारोह में राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव, गायत्री राठौड़ और महानिदेशक, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, आईएएस, मनीषा सक्सेना संबोधित करेंगी। एक्सपो में विभिन्न प्रकार की पैनल चर्चाएं होंगी, जिनमें इंडिया अवेट्स यूः इवेल्यूएटिंग द रेडीनेस ऑफ इंडियाज वेडिंग इकोसिस्टम टू फेस इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन, लोकल बट ग्लोबलः इंडिया इन द न्यूज, सेशन विथ इंटरनेशनल वेडिंग प्लानर्स एंड गेटिंग इन्सपायर्डः एनालायजिंग सक्सैस स्टोरीज एंड चैलेंजेस जैसे विषय शामिल हैं।

**2 ज्वेलर्स ग्रुप के यहां आईटी की छापेमारी जारी**

# ...न तो 425 करोड़ की बिक्री का रिकॉर्ड और ना ही 100KG सोने का हिसाब

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के 2 ज्वेलर्स ग्रुप के घर और शोरूम पर आयकर विभाग (आईटी) की छापेमारी पांचवें दिन शनिवार को भी जारी रही। टीम को जयपुर और दिल्ली के 17 ठिकानों पर कुल 425 करोड़ रुपए के अघोषित कारोबार की जानकारी मिली है। इस छापेमारी के दौरान अधिकारियों को 3.25 करोड़ का कैश और सोना मिला है। इसमें 1.10 करोड़ का कैश और 114 ग्राम सोना सीज किया गया है। साथ ही 100 किलो सोने को बेचने के कागज भी टीम ने जब्त किए हैं। यह सोना कहां से आया। इसकी जानकारी दोनों ही समूह के पास नहीं है। अब तक जो रिकवरी आईटी ने की है। उस आधार पर अब ईडी, डीआरआई, सीबीआई और कस्टम की टीम भी कार्रवाई करना शुरू कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, दोनों समूह पर छापेमारी में पकड़े गए सभी 8 लॉकर्स खुल चुके हैं। इन लॉकर्स में ज्वेलरी के अलावा निवेश से संबंधित दस्तावेज निकले, जिनकी जांच होना अभी बाकी है।

दरअसल, इनकम टैक्स टीम ने मंगलवार सुबह साढ़े 5 बजे तीन राज्यों में ज्वेलर्स ग्रुप पर छापेमारी की थी। जयपुर में ग्रुप के घर और शोरूम में सर्च किया गया था। साथ ही सर्च के दौरान सट्टे से जुड़े कागज भी मिले थे। आयकर से मिली जानकारी के अनुसार, कोलकाता में कई फर्जी कंपनियों के जरिए ये लोग सोने और चांदी का कारोबार कर रहे थे।




### ज्वेलरी शोरूम बंद रहे, कारोबारी गतिविधियां नहीं हुई

अब तक हुई कार्रवाई में अधिकारियों ने 425 करोड़ रुपए की ऐसी बिक्री का पता लगाया है, जिसका रिकॉर्ड नहीं है। यह बिक्री जांच के दौरान और बढ़ सकती है। समूह के यहां मिल रही गड़बड़ियों को देखते हुए माना जा रहा है कि छापेमारी की कार्रवाई को पूरा होने में समय लगेगा। इसके अलावा 100 किलो सोने का भी हिसाब नहीं मिला है। आयकर विभाग की छापेमारी की कार्रवाई के चलते शनिवार को भी समूह के अधिकांश ज्वेलरी शोरूम बंद रहे। कुछ के शटर आधे खुले रहे। कारोबारी गतिविधियां नहीं हुईं। बताया जा रहा है कि अक्षय तृतीया पर वैवाहिक सीजन की खरीद का सबसे बड़ा नुकसान इस साल दोनों समूह को उठाना होगा। 10 मई को अक्षय तृतीया पर होने वाली खरीद इससे कुछ पहले ही हो जाती है।

### तीन राज्यों में 20 से ज्यादा जगह चला सर्च अभियान

बता दें कि तीन राज्यों में करीब 20 से अधिक ठिकानों पर सर्च किया। इनमें जयपुर में 13, दिल्ली में 3, कोलकाता में 4 जगह शामिल हैं। सर्च के दौरान सट्टे से जुड़े कागज भी मिले हैं। कोलकाता में कई फर्जी कंपनियों के जरिए ये लोग सोने और चांदी का कारोबार कर रहे थे। टैक्स चोरी को लेकर भी कई जानकारी थी। टीम को इस सर्च में क्या मिला यह अभी तक सामने नहीं आया है। आयकर अधिकारियों का कहना है कि उनकी कई टीमें हैं। सूत्रों के अनुसार, मामला हवाला और मटका (सट्टा) कारोबार से भी जुड़ा है। सर्च के दौरान आईटी की टीम को संचालकों के कई लॉकर की जानकारी मिली है। इसके आधार पर आईटी की टीमों ने लॉकर को सील कर दिया है। इनकी आने वाले समय में जांच होगी।

## जरूरी खबर

### कार ने मारी बाइक को टक्कर, दो युवकों की मौत



**बीकानेर।** जिले के गजनेर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद कार कई बार पलटी खाते हुए बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार नोखा दैया के पास कार ने रणधीसर निवासी भंवर लाल (22) पुत्र नेतराम जाति मेघवाल तथा जयमलसर निवासी बाबूराम (22) पुत्र मोहन लाल मेघवाल की बाइक को टक्कर मार दी। इसके चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### आज पांच घंटे बंद रहेगी बिजली की आपूर्ति

**चाकसू।** कस्बे समेत मूंडिया स्वामी का बास, जीवनपुरा, जयसिंहपुरा, तिगरिया, गिरधारीलालपुरा, भुरटिया, राघवपुरा, चोरिया, मोहम्मदपुरा, जयप्रकाशपुरा, निमोडिया, अकोड़िया, भादड़वास, शीतला माता व आसपास की फैक्ट्रियों में रविवार को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के सहायक अभियंता रामअवतार बैरवा ने बताया कि न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट चाकसू परिसर से गुजर रही 33 केवी लाइन चाकसू व शिवदासपुरा को शिफ्ट करने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए 33 केवी लाइन चाकसू का शटडाउन रहेगा।

### रविशेखर मेघवाल का चाकसू में किया स्वागत



**चाकसू।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के पुत्र व राष्ट्र समर्पित युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि शेखर मेघवाल शनिवार को चाकसू पहुंचे। यहां अंबेडकर सर्किल कोटखावदा मोड़ पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। मेघवाल के साथ राष्ट्र समर्पित युवा मंच के राष्ट्रीय महामंत्री मुकेश गोदारा एवं प्रगतिशील कुमार महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार वर्मा का भी अधिवक्ता संघ एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्र समर्पित युवा मंच के प्रदेश महामंत्री प्रहलाद भगत, धर्मराज गुर्जर, चाकसू बार एसोसिएशन के महासचिव दुर्गा प्रसाद बैरवा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**कोचिंग सिटी में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं को रोकने की कवायद, कई हॉस्टलों में लगवाई डिवाइस**

# हॉस्टल एसोसिएशन ने बांटी एंटी सुसाइड रॉड, अभियान शुरू

**बेधड़क | कोटा**

कोचिंग सिटी में विद्यार्थियों की ओर से आत्महत्या करने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा। हालही में पिछले दिनों भी कई छात्रों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इसको लेकर सरकार और प्रशासन गंभीर है। आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार और जिला प्रशासन ने सभी हॉस्टल और पीजी रूम के पंखों में हैंगिंग डिवाइस यानी एंटी सुसाइड रॉड लगाने के निर्देश दिए हुए हैं। कई मामले ऐसे भी आए, जिसमें हॉस्टल और पीजी में अब तक भी यह डिवाइस लगी हुई नहीं मिली। इस मामले में जिला प्रशासन भी सख्त हुआ है। वहीं अब हॉस्टल एसोसिएशन ने भी आत्महत्याओं पर रोकथाम की कवायद के तहत अभियान शुरू किया है। इसके तहत हॉस्टलों में डिवाइस लगाई जा रही है। शनिवार को शुरू हुए अभियान में एंटी सुसाइड डिवाइस निशुल्क वितरित की गई। विद्यार्थियों की ओर से आत्महत्या करने की घटनाओं को रोकने के लिए अब हॉस्टल एसोसिएशन ने भी कवायद शुरू कर दी है।






### कई पीजी में लगवाई डिवाइस

कोरल पार्क हॉस्टल एसोसिएशन की ओर से निशुल्क एंटी सुसाइड रॉड का वितरण किया जा रहा है। यह एंटी सुसाइड रॉड कोरल पार्क के आस-पास के इलाकों में वितरित की जा रही हैं। यहां तक की कई पीजी में, जहां रॉड लगी नहीं मिली, वहां पर इलेक्ट्रीशियन को साथ ले जाकर रॉड लगवाई भी जा रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि शहर में हो रहे सर्वे में लगातार सामने आ रहा है कि कई पीजी में एंटी हैगिंग डिवाइस नहीं लगी हुई है। जिला प्रशासन लगातार ऐसे लोगों को कार्रवाई के लिए चेतावनी दे रहा है और समझाइश भी की जा रही है। बाजार में एंटी हैंगिंग डिवाइज की उपलब्धता नहीं होने के चलते यह मामला चिंता का विषय बन रहा था। ऐसे में बारां रोड स्थित कोरल पार्क क्षेत्र में पीजी संचालित करने वालों को भामाशाहों के जरिए एंटी हैंगिंग डिवाइस वितरित की गई है।

### PG संचालकों से समझाइश

हॉस्टल एसोसिएशन के सचिव नीरज जैन ने बताया कि विद्यार्थियों को बेहतर और सुरक्षित माहौल मिले, इससे समझौता नहीं होना चाहिए। शहर में हो रहे सुसाइड को देखते हुए आस-पास के सभी पीजी संचालकों से समझाइश की गई है सभी कमरों में एंटी हैंगिंग डिवाइज लगाएं, ताकि दुर्घटनाएं न हों। अभी 500 हैंगिंग डिवाइस वितरित की जा रही हैं, जरूरत हुई तो और अधिक बांटी जाएगी। ऑल स्टूडेंट वेलफेयर सोसाइटी रघुवीर सिंह सोलंकी ने बताया कि कोटा के अन्य संगठनों को भी इस तरह से आगे आना चाहिए और पीजी मालिकों को जागरूक करना चाहिए। इस दौरान एएसडब्ल्यूएस के मुकेश सारस्वत सहित कई हॉस्टल मालिक मौजूद रहे।

**कोटड़ा कस्बे के बाजार बंद कराए, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

# मंत्री को जान से मारने की धमकी पर BJP कार्यकर्ताओं में उबाल

**बेधड़क | उदयपुर**

प्रदेश की भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी को जान से मारने की धमकी का मामला तूल पकड़ने लगा है। पुलिस धमकी देने वाले आरोपी को ढूंढ रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा कार्यकर्ताओं ने में उबाल दिख रहा है। मंत्री को धमकी मिलने के बाद कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए शनिवार को कोटड़ा कस्बे के बाजारों को बंद करा दिया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की।

भाजपा के आक्रोशित कार्यकर्ता सुबह से ही बाजारों को बंद कराने निकले। इसके चलते कोटड़ा का बाजार शनिवार को पूरी तरह बंद रहा। बाहर से आए ग्रामीणों को कस्बे की दुकानें बंद मिली। मंत्री के समर्थकों ने कहा कि वे अच्छा कार्य कर रहे हैं, लेकिन कुछ लोग लगातार उन्हें भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धमकी देने वाले व्यक्ति का पता लगाकर उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए।



### यह है पूरा मामला

कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी को सोशल मीडिया पर शुक्रवार को जान से मारने की धमकी मिली थी। इसके बाद उदयपुर रेंज आईजी और एसपी को उन्होंने पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस इसकी जांच करने में जुटी हुई है। इससे पहले भी खराड़ी को वाट्सएप ग्रुप में जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। मंत्री खराड़ी को धमकी देने वाले ने लिखा, 'राजनीति होती रहेगी... जान से मारा जाएगा। लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम तो बाद में आएंगे, पहले तेरा परिणाम आने वाला है।

### पुलिस कर रही मामले की जांच

उदयपुर के एसपी योगेश गोयल ने कहा कि मामला ध्यान में आया है। इसकी जानकारी लेकर जांच की जा रही है। गौरतलब है कि झाड़ोल से चौथी बार विधायक बने बाबूलाल खराड़ी को भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। 2018 में जब कांग्रेस की सरकार बनी, तब भी झाड़ोल से विधायक ने भाजपा से जीत हासिल की थी। खराड़ी चार बार विधायक रहने के बावजूद एक केलूपोश मकान में सादगी के साथ अपना जीवन बिता रहे हैं।

### बायतु विधायक को धमकी देने वाला निकला भाटी का फैन

**बाड़मेर।** कांग्रेस के कद्दावर नेता और बायतु विधायक हरीश चौधरी को जान से मारने की धमकी देने वाला युवक रविंद्र सिंह भाटी का फैन निकला। पुलिस ने आरोपी युवक को गुजरात एटीएस की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक बाड़मेर का रहने वाला है, जो गुजरात में एक दुकान पर मजदूरी का काम करता था। अब आरोपी युवक को गुजरात से गिरफ्तार कर बाड़मेर लाया गया है। जहां से कानूनी प्रक्रिया को पूरी करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बाद जब रविंद्र भाटी बालोतरा में एसपी ऑफिस के बाहर धरना दे रहे थे, तभी भाटी को भी जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसी दौरान कांग्रेस नेता हरीश चौधरी को भी उक्त युवक ने जान से मारने की धमकी दी थी। बताया गया कि लोकसभा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर बायतु विधायक हरीश चौधरी को धमकी देने वाले युवक को सदर थाना पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार कर बाड़मेर लेकर आई है। बाड़मेर सदर थानाधिकारी सत्य प्रकाश बिश्नोई ने बताया कि 30 अप्रैल को बाड़मेर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से परिवाद मिला था। इसमें बताया गया था कि वीर सिंह पुत्र खुमान सिंह निवासी आईनाथ का ताला मिठड़ा के रहने वाले युवक ने बायतु विधायक हरीश चौधरी को सोशल मीडिया पर धमकी दी थी। इस शिकायत पर जितेंद्र कुमार हेड कांस्टेबल के नेतृत्व में टीम का गठन कर गुजरात के गोधरा जिले से युवक वीर सिंह को दस्तयाब कर पूछताछ की तो उसने आवेश में आकर सोशल मीडिया पर धमकी देने की बात स्वीकार की। धमकी देने के बाद आरोपी वीर सिंह ने सिम को तोड़कर फेंक दिया। इसके बाद पुलिस टीम उसको गिरफ्तार कर बाड़मेर लेकर पहुंची है जहां पर उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर कल न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**भुसावर के पथेना गांव की घटना**

## सीआईडी टीम को ग्रामीणों ने घेरकर की मारपीट, पुलिस ने छुड़ाया



**बेधड़क | भरतपुर**

जिले के भुसावर इलाके के पथेना गांव में भरतपुर की सीआईडी जोन स्पेशल टीम संदिग्ध व्यक्ति की तलाश में गांव पहुंची। सभी अधिकारी सिविल ड्रेस में थे। टीम ने गांव से संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ भी लिया। उसी दौरान गांव वालों ने टीम को चारों तरफ से घेर लिया।

गांव वालों ने टीम को बंधक बनाकर मारपीट की। उनकी गाड़ी को भी जलाने का प्रयास किया गया। इसकी सूचना पर भुसावर थाना पुलिस को लगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीआईडी के अधिकारी और कर्मचारियों को वहां से छुड़ाया। गांव वालों ने संदिग्ध व्यक्ति को भी सीआईडी के अधिकारियों से छुड़ा लिया। घटना के बाद सीआईडी के अधिकारी और कर्मचारियों का मेडिकल कराया गया। उनकी तरफ से भुसावर थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। भुसावर थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि भरतपुर जिले की सीआईडी स्पेशल जॉन के अधिकारी रूप नारायण मीणा के नेतृत्व में एक सब इंस्पेक्टर वह दो कांस्टेबल ड्राइवर सहित पथेना गांव पहुंचे थे। वहां किसी संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की जा रही थी। सीआईडी टीम ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया था। इस दौरान गांव वालों ने टीम को घेर लिया और बंधक बना लिया। वहीं सीआईडी के कर्मचारी राधे नेकी ने बताया कि गांव वालों ने हमें चारों तरफ से घेर लिया। उन्होंने कहा कि आप ऐसे किसी को नहीं ले जा सकते। उसके बाद लोहे के सरियों से हमारे साथ मारपीट की और जीप को भी जलाने का प्रयास किया।

**जलदाय विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर जताया आक्रोश**

## पेयजल किल्लत से परेशान लोगों ने सड़क पर उतर किया प्रदर्शन

**बेधड़क | जोधपुर**

शहर में इन दिनों गर्मी को देखते हुए जलदाय विभाग सुचारू पानी की सप्लाई नहीं करवा पा रहा है। इसके चलते जोधपुर के रातानाडा पंचवटी कॉलोनी रोड क्षेत्र के निवासियों ने शनिवार को जलदाय विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लोगों को पानी के टैंकरों के भरोसे रहना पड़ रहा है। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने जलदाय विभाग से कॉलोनी में सुचारू पेयजल आपूर्ति करने की मांग की। उन्होंने बताया कि पीने के पानी के लिए भी दूसरे मोहल्लों में जाना पड़ रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश की। लोगों ने बताया कि जोधपुर के कुड़ी, सांगरिया, झालामंड और आस-पास के क्षेत्र में कई जगह पर अवैध कनेक्शन कर जल उपभोक्ताओं के हिस्से का पानी माफिया चुराकर ले जा रहे हैं, जिन्हें टैंकरों में भरकर बेचा जाता है। सालावास और नंदवान के ग्रामीणों ने पहले भी प्रदर्शन किया था। इसके बाद जलदाय विभाग ने अवैध कनेक्शन करने वालों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करवाया था।



**एक-दूसरे को बचाने के दौरान संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा**

## नहर में डूबने से दो सहेलियों की मौत

**बेधड़क | डूंगरपुर**

डूंगरपुर जिले के साबला थाना क्षेत्र के भोड़न का वेला गांव में बकरियां चराने गई 2 सहेलियों की भीखाभाई नहर में डूबने से मौत हो गई। एक किशोरी 12वीं की छात्रा थी। जबकि दूसरी युवती थर्ड ईयर की छात्रा थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

डूंगरपुर जिले के साबला थानाधिकारी राकेश कटारा ने बताया कि भोड़न का वेला निवासी सपना (24) पुत्री नाथू और लक्ष्मी (16) पुत्री मालिया दोनों शनिवार को बकरियां चराने घर से गई थीं। इस दौरान भीखाभाई नहर के पास दोनों बकरियां चरा रही थीं।

अचानक लक्ष्मी का पैर फिसल गया और वह नहर में गिरने लगी। इस दौरान सपना उसे बचाने लगी। इस पर दोनों का बैलेंस बिगड़ गया और दोनों नहर में गिर गई। इसके चलते नहर में डूबने से दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। वहीं साबला थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को नहर से बाहर निकाला। वहीं दोनों शवों को आसपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**घटना के बाद आरोपी फरार**

# दो सगे भाइयों में भूमि विवाद, फायरिंग में एक की मौत

**बेधड़क | भरतपुर**

डीग जिले के कुम्हेर थाना क्षेत्र के उसरानी गांव में दो सगे भाइयों के बीच हुए जमीनी विवाद में 26 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी घटना के बाद मौके से फरार हो गए। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच जुटी है।

पुलिस ने बताया कि उसरानी गांव के समंदर और उसके भाई सुगन के बीच जमीन बटवारे को लेकर विवाद था। शनिवार को हुए विवाद में सुगन पक्ष ने समंदर पक्ष पर फायरिंग कर दी। इसके चलते 26 वर्षीय बीरपाल पुत्र समंदर जाट की गोली लगने से मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल हुए बीरपाल को ग्रामीण इलाज के लिए कुम्हेर सीएचसी लेकर आ रहे थे। इस दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

आरोप है कि सुगन के रिश्तेदार सुखबीर जाट व उसके साथियों ने फायरिंग कर इस हत्याकांड को अंजाम दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना अधिकारी कुम्हेर आध्यात्म गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौप दिया। मृतक बीरपाल की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। उसके छोटे-छोटे बच्चों के अलावा पत्नी सहित अन्य लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



### सीने में गोली लगने से मौत

मृतक के परिजनों का कहना है कि जमीन को लेकर के दो भाइयों समंदर और सुगन के बीच में विवाद चल रहा था। शनिवार को दोनों के बीच कहासुनी हुई और विवाद बढ़ गया। इसके बाद सुगन ने फोन कर अपने रिश्तेदारों को मौके पर बुलाया लिया। उन्होंने आकर समंदर पक्ष पर फायरिंग कर दी। इस दौरान 26 वर्षीय बीरपाल पुत्र समंदर जाट के सीने में गोली लगने से गंभीर घायल हो गया। उसने उपचार के लिए अस्पताल लाते समय दम तोड़ दिया।

### घटना के बाद आरोपी मौके पर फरार

कुम्हेर थाना प्रभारी अध्यात्म गौतम ने बताया कि गांव उसरानी में विवाद के चलते एक युवक की गोली मारकर हत्या करने की जानकारी मिली थी। पुलिस बल के साथ गांव पहुंचा, लेकिन आरोपी मौके से भाग निकले। परिजनों के द्वारा आरोपियों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर दिया है और पुलिस मामले की जांच के साथ आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

**ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

## कूनो सफारी पार्क से करौली पहुंचा चीता

**करौली।** करणपुर के सिमारा गांव में शनिवार सुबह एक चीते के घुसने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना पर वन विभाग और पुलिस की टीम सिमारा गांव पहुंची। इस दौरान वन विभाग और पुलिस द्वारा क्षेत्र के लोगों से सावधानी बरतने और चीते से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की अपील की गई है।

बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश स्थित कूनो सफारी पार्क से निकलकर चीता करौली पहुंच गया। सिमारा गांव के निवासी केदार मीणा ने बताया कि सुबह जब कुछ ग्रामीण खेतों पर जा रहे थे तो उन्होंने चीते को देखा। इसके बाद वन विभाग और पुलिस को सूचना दी गई। इस पर वन विभाग करौली



और मध्यप्रदेश की टीम तथा पुलिस दल सिमारा गांव पहुंचे। वन विभाग की टीम चीते को ट्रेंकुलाइज कर वापस कूनो पहुंचाने के प्रयास में जुटी है। करौली वाइल्ड लाइफ उपवन संरक्षक पीयूष शर्मा ने बताया कि किसी जानवर के सिमारा गांव में पहुंचने की सूचना मिली थी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है, जानवर की पहचान नर चीता के रूप में हुई है। चीता को पकड़कर वापस कूनो पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**एसकेआईटी बना आरटीयू संबद्ध प्रदेश का पहले ऑटोनॉमस इंजीनियरिंग कॉलेज**

## SKIT खुद करेगा सिलेबस तैयार, समय पर जारी करेगा रिजल्ट भी

**बेधड़क** | जयपुर

वर्तमान में इंडस्ट्री रेडी स्टूडेंट मार्केट की मांग है, अब इंडस्ट्री ट्रेनिंग में खर्च करने से गुरेज कर रही है। यह कहना है राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी (आरटीयू) के वाइस चांसलर प्रो. एस के सिंह का । वे शनिवार को स्वामी केशवानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नॉलजी, मैनेजमैंट एवं ग्रामोथान (एसकेआईटी) में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कांफ्रेंस का आयोजन एसकेआईटी के प्रदेश का पहला ऑटोनॉमस इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थान बनने के उपलक्ष में किया गया। इसके साथ आरटीयू से संबद्ध एसकेआईटी प्रदेश का ऐसा पहला कॉलेज बन गया है, जिसे यह ऑटोनॉमस एफिलिएशन मिला है। यूजीसी की ओर से एसकेआईटी को पिछले माह 24 अप्रेल को ऑटोनॉमस की मान्यता दी गई थी, जिस पर 2 मई को आरटीयू ने अधिकारिक रूप से मोहर लगा दी। ऑटोनॉमस मान्यता की जानकारी साझा करने के लिए आयोजित इस प्रेस वार्ता को आरटीयू के वाइस चांसलर प्रो. एस के सिंह, कॉलेज के चेयरमैन सूरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, प्रिंसिपल रमेश कुमार पचार ने संबोधित किया।



### 10 वर्ष के लिए मिली मान्यता, तय समय पर होगा सेलेबस

यूजीसी एवं आरटीयू की ओर से एसकेआईटी को ऑटोनॉमस की यह मान्यता 10 वर्षों के लिए दी गई है, जो की 2024-25 से 2033-34 तक रहेगी। इस दौरान संस्थान अपने कोर्सेज के लिए स्वयं सिलेबस डिजाइन करेगा। चेयरमैन सूरजाराम मील ने बताया कि ऑटोनॉमस मान्यता प्राप्त होने के बाद स्टूडेंट्स के लिए ग्लोबल पैरामीटर पर आधारित सिलेबस तैयार किया जा सकेगा, जिससे वे विभिन्न स्तर पर बेहतर परफॉर्म कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे स्टूडेंट्स के सभी पाठ्यक्रम एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार तय समय पर जारी हो सकेंगे और रिजल्ट भी तय समय पर जारी हो सकेगा। निदेशक जयपाल मील ने बताया कि राजधानी के किसी कॉलेज को यह मान्यता मिलना बहुत बड़ी बात है।

### 7 साल में क्यूआईबी में पहले स्थान में आने से मिली पहचान

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान वाइस चांसलर प्रो. एस के सिंह ने कहा कि कॉलेज की नेक ग्रेड, एनबीए एक्रेडिटेशन, लगातार 7 सालों से आरटीयू क्यूआइवी मे पहले स्थान पर रहने के साथ- साथ ही बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर समेत इंजीनियरिंग के लिए आवश्यक सुविधाओ से युक्त होने के कारण कॉलेज को यूजीसी एवं आरटीयू से यह मान्यता मिली है। उन्होंने बताया कि इस एफिलिएशन के बाद कोर्स डिजाइन संस्थान के द्वारा किया जाएगा और डिग्री आरटीयू के द्वारा ही दी जाएगी।

## Yuva स्टोरीज

### राज. विवि MBA में प्रवेश आवेदन 2 जून तक

**बेधड़क** | जयपुर।

राजस्थान विश्वविद्यालय के आर.ए. पोदार प्रबंध संस्थान में एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों के लिए सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय प्रवेश पूर्व परीक्षा पीआईएम-मैट 2024 का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय में इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 02 जून निर्धारित की गई है। पोद्दार प्रबंध संस्थान की निदेशक डॉ. शिखा नैनावत के अनुसार एम.बी.ए. एवं एम.बी.ए. (सर्विसेज मैनेजमेंट) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदक का स्नातक (10-2-3) परीक्षा न्यूनतम 50% अंको के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। (SC/ST/OBC Non-Creamy Layer/MBC श्रेणी के आवेदकों के लिए 45%) जो विद्यार्थी इस वर्ष स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा दे रहे है वे भी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते है। वर्किंग एक्जीक्यूटिव्स के लिये एम.बी.ए. (एक्जीक्यूटिव) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदक का स्नातक परीक्षा न्यूनतम 48% अंकों के साथ उत्तीर्ण (SC/ST/OBC Non-Creamy Layer/MBC श्रेणी के आवेदकों के लिए 43%) होना आवश्यक है और उनके पास न्यूनतम 2 वर्षों का कार्यानुभव भी होना आवश्यक है। पीआईएम मैट 2024 प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी वैबसाईट https://www.uniraj.ac.in/ एवं https://rapim.ac.in/ पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक फोन नं 0141-2700819 पर संपर्क कर सकते है।

### पौधारोपण और परिंडा लगाओ अभियान का किया आगाज



**बेधड़क** | जयपुर

पर्यावरण संरक्षण व मूक पक्षियों को भीषण गर्मी में प्यास से राहत देने के लिए रावत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में दो दिवसीय कार्यक्रम "छोटा सा प्रयास, मूक पंछियों की आस" के तहत 'पौधारोपण' व 'परिंडे लगाओ' अभियान का हुआ। महाविद्यालय के डायरेक्टर हेमेन्द्र सिंह रावत, कल्पना रावत ने पौधारोपण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यार्थियों को पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्रोत्साहित किया तथा पर्यावरण एवं पक्षियों की सुरक्षा के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन 'परिंडा लगाओ अभियान' का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के डायरेक्टर हेमेन्द्र सिंह रावत तथा डायरेक्टर कल्पना रावत ने परिंडे बांधकर विद्यार्थियों को इसकी महत्ता बताई। इसके बाद विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में और आस-पास के स्थानों पर परिंडे लगाए व स्थानीय निवासियों को पर्यावरण सुरक्षा के लिए जागरुक किया।

### प्रो. विजय सिंह राठौड़ को मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**बेधड़क** | जयपुर

शहर के शिक्षाविद प्रो डॉ. विजय सिंह राठौड़ को यूनाइटेड किंगडम के लंदन शहर की लंदन इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्किल डेवलपमेंट और ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज कमिटी की ओर से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. राठौड़ को यह डॉक्टरेट इन ऐकडेमिक इनोवेशन एंड डेवलपमेंट में दिया गया है जो कि उनके द्वारा पिछले 25 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। डॉ. राठौड़ को यह उपाधि गत 26 अप्रैल को लंदन शहर के बेंटले होटल में



एक भव्य समारोह में दी गई। हालांकि समारोह में डॉ राठौड़ व्यक्तिश उपस्थित नहीं होने पर उनके ही एक होनहार छात्र देवेंद्र सिंह सिसोदिया जो की लंदन की ही एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत है ने डॉ विजय सिंह राठौड़ की तरफ से ये उपाधि प्राप्त की। डॉ. राठौड़ एक प्रोफेशनल एजुकेशन का कॉलेज भी जयपुर में श्री करणी यूनिवर्स कॉलेज के नाम से चला रहे है।

**एफडीडीआई जोधपुर के दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल**

## नौकरी की जगह बनें रोजगार प्रदाता

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी अर्जित शिक्षा का उपयोग राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए करे। उन्होंने फुटवियर डिजायन के क्षेत्र में नवाचार अपनाते हुए इस क्षेत्र के उत्पादों के निर्यात से अर्थव्यवस्था के सुदृढीकरण का आह्वान किया।

राज्यपाल मिश्र ने शनिवार को जोधपुर में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के तृतीय दीक्षांत समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता विकास जरूरी है। नई पीढ़ी नौकरी करने की सोच की बजाय रोजगार प्रदाता बने। उन्होंने नई शिक्षा नीति के आलोक में पाठ्यक्रम अपडेट किए जाने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि एफ.डी.डी.आई जोधपुर फैशन एवं फुटवियर तकनीक से जुड़ा एक महत्वपूर्ण संस्थान है। संस्थान का मुख्य ध्येय शिक्षा के साथ हस्तशिल्प कौशल को बढ़ावा देना है। विश्वभर में आज फुटवियर एवं फैशन उद्योग जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसे दृष्टिगत रखते हुए यह संस्थान भविष्य की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में फुटवियर एवं फैशन उद्योग से जुड़े विश्व के उत्कृष्ट एवं निपुण डिज़ाइनर तैयार हों तथा प्रयास करे कि डिजाइनिंग के क्षेत्र में यह संस्थान उत्कृष्ट संस्थान बने।



### भारत का संविधान गीता जैसा पवित्र

राज्यपाल ने संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने कौशल का उपयोग राष्ट्र उपयोगी कामों में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान भारत का पवित्र ग्रंथ है जैसे कि गीता, बाइबिल और कुरान हैं। हर विवि में संविधान पाठ हो। हर व्यक्ति को संविधान की जानकारी हो, भारत का संविधान गीता जैसा पवित्र ग्रंथ हैं।

### 153 विद्यार्थियों को बांटी गई डिग्रियां

समारोह के दौरान राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने वर्ष 2022 एवं 2023 बैचलर इन डिजाइन, फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन और फैशन डिजाइन में ओवरऑल टॉपर को तीन स्वर्ण पदक एवं कोर्स टॉपर को पांच रजत पदक प्रदान किए गए। कुल 153 विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित गई। इनमें बैच 2022 बैचलर इन डिजाइन, फुटवियर डिजाइन एंड प्रोडक्शन के 16 विद्यार्थी एफडीडीआई गुना कैंपस के भी शामिल हैं। समारोह में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर कर्नल पंकज कुमार सिन्हा, कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार, इंस्टीट्यूट का स्टाफ , विद्यार्थी, अभिभावक सहित आमजन उपस्थित रहे।

### पैर के आभूषण है जूते

उन्होंने कहा कि जूते केवल पैरों के लिए पहने जाने वाली वस्तु नहीं बल्कि पैरों के आभूषण के समान है। वर्तमान में खेल और फिटनेस के प्रति जिस तरह से लोगों का रुझान बढ़ रहा है, उसके साथ ही आरामदायक और स्टाइलिश फुटवियर की भी मांग बढ़ रही है। ऐसे में इस क्षेत्र में भविष्य की अपार संभावनाएं हैं। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि वैश्विक बाजार मांग के अनुरूप भारत इस क्षेत्र में अग्रणी बने यह हम सबका प्रयास हो। उन्होंने कहा कि संस्थान एथलेटिक और गैर एथलेटिक फुटवियर की श्रेणीवार बाजार मांग का अध्ययन कर फुटवियर उत्पादों के विकास के लिए नवाचार और नवीन तकनीकी शिक्षा का प्रबंधन करे।

### लर्निंग बाई डूइंग' पर पांच दिवसीय वर्कशॉप का हुआ समापन




**बेधड़क** | जयपुर

महाराजा सवाई मान सिंह स्कूल के बाल वाटिका (प्री प्राईमरी) ने सेंसरी वीक मनाया । हमारे सेंसेस यानि ज्ञानेन्द्रियां हमारे शरीर का अत्यावश्यक भाग तो है ही, साथ ही अपने चारों ओर की दुनिया का ज्ञान प्राप्त करने का यही एकमात्र साधन है । बच्चा इन्ही पांच सेंसेस या ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा अपने आस पास के वातावरण से परिचय करता है। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में अनेक गतिविधियों से अलग-अलग दिन ज्ञानेन्द्रियों के बारे में बच्चों को समझाया गया।

**स्कूलों में आवश्यक संसाधनों की जांच**

## शिक्षा अधिकारियों ने टटोली पीएम श्री स्कूलों की नब्ज



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर जिले में शनिवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने पीएम श्री विद्यालयों की नब्ज टटोली। अधिकारियों ने जिले में पीएम श्री योजना के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित 28 विद्यालयों का सघन निरीक्षण किया । यह निरीक्षण राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के उपनिदेशक व सहायक निदेशक स्तर के प्रभारी अधिकारियों की ओर से किया गया। परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि निरीक्षण में प्रमुख रूप से विद्यालय की आधारभूत सरंचना, स्वच्छ पेयजल, क्रियाशील शौचालय, शौचालयों में रनिंग वाटर की व्यवस्था, ग्रीन स्कूल गतिविधियाँ, विज्ञान लैब, आईसीटी लैब, व्यवसायिक लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास का नियमित उपयोग, शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों का आयोजन, भोजन व्यवस्था, खेल सामग्री का उपयोग तथा समुचित रिकॉर्ड संधारण आदि बिंदुओं पर विस्तृत निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इस निरीक्षण कार्यक्रम से प्राप्त रिपोर्ट्स का आकलन कर आगामी सत्र में पीएम श्री विद्यालयों के विद्यार्थियों को योजना अंतर्गत गतिविधियों से लाभान्वित करने, फंड्स के बेहतरीन उपयोग, गुणवतापूर्ण निर्माण कार्यों तथा विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पीएम विद्यालयों को अनुकरणीय विद्यालयों के रूप में स्थापित करने के लिए शिक्षकों, संस्थाप्रधान, ब्लॉक व जिला स्तरीय अधिकारियों की ज़िम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी दिवसों में राज्य में संचालित प्रथम चरण के 402 विद्यालयों का सघन अवलोकन किया जाएगा ।


### रायन इंटरनेशनल स्कूल में चुने गए प्रेसिडेंट और पीएम


**बेधड़क** | जयपुर

जगतपुरा स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को अलंकरण समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर केंद्रीय जीएसटी भिवाड़ी डिविजन अलवर में कार्यरत आशाराम मीणा रहे । स्टूडेंट्स के अंदर अपने कर्तव्यों के प्रति जोश और जुनून दिखाया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रेसिडेंट कमल कुमार, स्कूल प्राइम मिनिस्टर दिव्यंका चौपड़ा, जूनियर सेक्शन हैंड ब्वाय सय्यैद अर्हान , हेड गर्ल आश्वी अनादी , मॉन्ट हेड ब्वाय एकांश शर्मा, मॉन्ट हेड गर्ल आरना हर्षित मालवीया और छात्र परिषद् के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई । स्टूडेंट्स ने अपने निर्धारित कर्तव्यों का सत्य निष्ठा के साथ पालन करने का शपथ ग्रहण किया । स्कूल प्रिंसिपल प्रीति गोयल ने स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित किया।

**इंटर्नशिप** | **आर्च कॉलेज ऑफ डिजाइन में इंटर्नशिप प्लेसमेंट का आयोजन**

## कंपनी इंटर्नशिप ड्राइव में 20 स्टूडेंट्स को मिला मौका





**बेधड़क** | जयपुर

"राजधानी स्थित आर्च कॉलेज ऑफ डिज़ाइन ने अपने कैंपस परिसर में इंटर्नशिप प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। 'कैंपस टू कंपनी' इंटर्नशिप ड्राइव के तहत 10 से अधिक कम्पनियां पहुंची। कार्यक्रम में जयपुर सेंटर ऑफ कल्चर एंड आर्ट्स (जेसीसीए), फ्रैक्सस 3D, आंचल ज्वेल्स और केए प्री स्कूल शामिल हुए। इस ड्राइव में 60 से अधिक छात्रों का इंटरव्यू लिया गया। इनमें से 20 स्टूडेंट्स ने इंटर्नशिप हासिल की। ये इंटर्नशिप स्टूडेंट्स को उद्योग की कार्य संस्कृति को समझने और उनके पेशेवर विकास में सहायता करने में मदद करेगी। आर्च कॉलेज ऑफ़ डिज़ाइन एंड बिजनेस की संस्थापक और निदेशक अर्चना सुराणा ने स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं देते कहा कि हम अपने स्टूडेंट्स को सक्षम, संवेदनशील और समर्थ नागरिकों के रूप में प्रशिक्षित करें, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सामर्थ्य पूर्ण हों। हम इंटर्नशिप प्रोग्राम के माध्यम से स्टूडेंट्स को उद्योग की दुनिया में अनुभव प्रदान करके उनके पेशेवर विकास का समर्थन करते हैं।

### मिलता है साक्षात्कार और व्यावसायिक अनुभव का गहरा ज्ञान

सुराणा ने कहा कि यह हमारे छात्रों को साक्षात्कारी शिक्षा और व्यवसायिक अनुभव की गहरी ज्ञान प्राप्ति करने में मदद करता है, जिससे वे अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें। उद्देश्य की दिशा में हमारा प्रयास है कि हम अपने स्टूडेंट्स को न केवल व्यवसायिक ज्ञान और कौशल प्रदान करें, बल्कि उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सक्षम नेतृत्व भी सिखाएं। हमारा उद्देश्य है कि हम एक संतुलित, समर्थ और संवेदनशील समाज का निर्माण करें, जिसमें ज्ञान और नैतिकता का संगम हो।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

### शाश्वत सनातन

*अगर आपका बरसों से कर्ज नहीं उतर रहा है या फिर बैंक लोन से परेशान हो गए हैं, तो एक बार ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर जरूर जाएं। मान्यता है कि यहां भगवान भोलेनाथ दर्शन मात्र से ही इंसान का हर तरह का कर्जा माफ कर देते हैं। उज्जैन का ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर शहर से करीब 1 किलोमीटर दूर क्षिप्रा नदी के तट पर वाल्मीकि धाम क्षेत्र में स्थित है। यहां भक्तगण 'ॐ ऋणमुक्तेश्वर महादेवाय नमः' मंत्र बोलते हुए पीली वस्तुएं चढ़ाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यहां सुदामाजी को श्री शिव सहस्त्रनामावली भी सुनाई थी। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। जो भी लोग महाकाल के दर्शन करने आते हैं वे ऋणमुक्तेश्वर महादेव के दर्शन भी जरूर करते हैं।*

## उज्जैन के पास मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के तट पर स्थित है ऋणमुक्तेश्वर मंदिर

# महादेव, जिनके दर्शन मात्र से ही उतर जाता है हर तरह का कर्ज

*महाकाल की नगरी उज्जैन का कंकर-कंकर ऐसा लगता है कि जैसे शंकर है। महाकाल की महिमा यहां हर तरफ है। यहां एक ऐसे महादेव विराजमान हैं, जो आने वाले हर व्यक्ति का ऋण हर लेते हैं। यह मंदिर ऋणमुक्तेश्वर महादेव के नाम से जाना जाता है। उज्जैन का ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर शहर से करीब 1 किलोमीटर दूर क्षिप्रा नदी के तट पर वाल्मीकि धाम क्षेत्र में स्थित है। अगर आपका बरसों से कर्ज नहीं उतर रहा है या फिर बैंक लोन से परेशान हो गए हैं, तो एक बार महादेव के इस मंदिर में जरूर आएं। मान्यता है कि यहां भगवान भोलेनाथ दर्शन मात्र से ही इंसान का हर तरह का कर्जा माफ कर देते हैं।*



### शनिवार की पूजा का खास महत्व

*यहां यूं तो प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ काफी रहती है, लेकिन शनिवार को पूजा का खास महत्व रहता है। देश की प्राचीन नगरी उज्जैन में ऋणमुक्तेश्वर महादेव के बारे में कहते हैं कि अगर आप पर कर्ज है और हर तरह के उपाय के बाद भी यह नहीं उतर पा रहा है, तो भगवान ऋणमुक्तेश्वर की शरण में शनिवार को जाने से लाभ मिलता है। शीघ्र ही आप हर प्रकार के कर्ज के बोझ से मुक्ति पा जाते हैं।*




### राजा हरिश्चंद्र को मिली थी ऋण से मुक्ति



*यह भी मान्यता है कि सतयुग में राजा हरिश्चंद्र ने ऋणमुक्तेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की थी, तभी उन्हें भी ऋण से मुक्ति मिली थी। बता दें कि उन्हें एक गेंडे के वजन जितना सोना ऋषि विश्वामित्र को दान करना था, तब उन्होंने शिप्रा तट पर ऋणमुक्तेश्वर महादेव की पूजा की थी। यहां भक्तगण 'ॐ ऋणमुक्तेश्वर महादेवाय नमः' मंत्र बोलते हुए पीली वस्तुएं चढ़ाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यहां सुदामाजी को श्री शिव सहस्त्रनामावली भी सुनाई थी।*



### पीली दाल और पीली वस्तुएं चढ़ाई जाती हैं

*यहां शनिवार को पीली पूजा का बड़ा ही महत्व है। पीली पूजा से मतलब पीले कपड़े में चने की दाल, पीले फूल, हल्दी की गांठ और थोड़ा सा गुड़ बांधकर जल धारा पर मनोकामना के साथ उसे चढ़ाते हैं और शिव जी से कर्ज दूर करने प्रार्थना करते हैं। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। जो भी लोग महाकाल बाबा के दर्शन करने आते हैं वे यहां आकर ऋणमुक्तेश्वर महादेव के दर्शन भी जरूर करते हैं।*

---

## कविता

### बच्चे को मत सिखाया करो





अर्जुन सिंह राठौड़

कल अपने आप सीख जाएंगे
बच्चों को दुनियादारी
मत सिखाया करो
मिट्टी में लथपथ हो जाए तो
उठाया करो
झाड़ दिया करो
पर मिट्टी से दूर रहना
मत सिखाया करो
कोंपले कब पत्तों जैसा
आचरण करती हैं
बच्चों को नादानियां करने दिया
करो
उन्हें बड़ों सी समझदारी
मत सिखाया करो
जो कलियां अपने आप पनपती हैं
उन फूलों की खुशबू गजब होती है
कलियों को अपने ढंग से
फूल बनाने की कोशिश
मत किया करो
बच्चों के सवालों के जवाब दिया
करो
पर उनसे सवाल मत किया करो
यही तो उम्र है जो बेफिक्री में
बीतती है
बाकी तमाम उम्र सवालों में
बीतती है
ना अतीत का डर
न भविष्य की चिंता
बच्चे अपने आप में मस्त रहते हैं
इन्हें जालिम वक्त के बारे में
मत सिखाया करो।

## शब्दों की सीख

# जितना काम, उतना दाम



डोली शाह
हैलाकंदी, असम

वैशाली जन्म से ही पतली और लंबी थी। विद्यालय के दिनों से ही सामने से गुजरते हुए लोग कह देते थे कि 'फूंक मार दो तो उड़ जाएगी।' माता-पिता भी अक्सर उसकी सेहत को लेकर परेशान रहते। उन्होंने कितनी ही बार डॉक्टर से भी मोटे होने की सलाह मांगी, लेकिन कितनी ही दवाइयां खाने के बाद भी कोई खास असर नहीं पड़ा। कुछ डॉक्टरों ने जरूर कहा कि लड़की थोड़ी बड़ी हो जाएगी तो अपने आप ही ठीक हो जाएगा और साधारण दवाई देकर छोड़ भी देते। धीरे-धीरे वक्त के साथ तबीयत भी सुधरती चली गई, लेकिन जब वह मासिक धर्म होता तो पेट दर्द से बहुत परेशान हो जाती। यहां तक कि महीने में एक सप्ताह विद्यालय भी जाने में असमर्थ रहती। स्कूल, कॉलेज, इंस्टिट्यूट तक तो उसकी तबीयत का कुछ इसी तरह चलता रहा। देखते-देखते उसकी नौकरी एक प्राइवेट कंपनी में लग गई। अब वह दफ्तर भी जाती और बहुत मन लगाकर काम भी करती, जिससे हर कोई उसके तारीफों के पुल बाधंने से नहीं थकता। शुरू में कुछ दिनों तक मासिक धर्म के दिनों में 'वर्क फ्रॉम होम' कर अपना काम समय पर निपटा देती। वकुल शर्मा जी (कंपनी के अध्यक्ष) वैशाली के पिता सुरेश के बहुत पुराने मित्र थे, इसलिए उन्होंने कभी कोई शिकायत भी नहीं की। देखते-देखते तीन साल बीत गए। कंपनी के सीईओ का भी तबादला हो गया। वैशाली ने पुनः उसी तरह अवकाश का आवेदनपत्र दिया, लेकिन इस महीने उन्होंने पत्र स्वीकार देने से इनकार कर दिया और कंपनी की स्थिति देख कर 'नो वर्क, देन नो पे' का आदेश पास कर दिया। सभी कर्मचारी सोच में पड़ गए। क्या मनुष्य बीमार नहीं पड़ सकता और यदि बीमार पड़ने पर वेतन हमारा वेतन काट दिया जाए तो हम क्या खाएंगे!

हमारी रोजी-रोटी कैसे चलेगा। सबके चेहरे पर एक तरफ गुस्सा तो दूसरी तरफ गंभीरता आ गई। कुछ ने तो कानून वापस लेने की भी दरख्वास्त की लेकिन सीओ संजीव साहब ने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कर्मचारियों को यह समझाते हुए कहा कि जिस तरह एक इंसान एक दिन बिना भोजन-पानी के नहीं रह सकता, उसी तरह हर इंसान को अपने जीवन में कार्यों



के प्रति भी सजग और सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि एक दिन काम न होने के बाद एक मशीन को दूसरे दिन उसे शुरू करने में दुगना वक्त लग जाता है। इसी तरह मानव शरीर को भी एक दिन आराम दिया जाए तो वह दूसरे दिन भी आराम की चाहत रखता है। इतने में एक महिला फौरन उठकर बोली- 'सर कम से कम हम महिलाओं को तो सिर्फ पांच दिनों की छुट्टी दी जाए।'

यह सुन अन्य कर्मचारियों के साथ वैशाली भी पूरे महीने दफ्तर जाने लगी। यह सही है कि वह दफ्तर तो जाती, लेकिन वह हर वक्त घड़ी में 4:00 बजने का इंतजार करती। इतने में संजीव साहब पूरे सप्ताह का कामकाज का ब्यौरा लेने दफ्तर पहुंचे। वैशाली के कमरे तक पहुंचे तो उसने डरते-सहमते अपनी फाइल आगे बढ़ाई। पलटते ही उन्होंने कुछ कठोर स्वर में कहा- 'वैशाली बाकी कंपनियों के डाटा कहां है और पूरे सप्ताह में सिर्फ इतना ही काम?

'हां सर, वह एक्चुअली मेरी तबीयत ठीक नहीं थी तो कर नहीं पाई।'

'वैशाली ऐसा कैसे चलेगा? क्या हुआ तुम्हारी तबीयत को?'

इतने में एक महिला कर्मचारी बोली- 'सर, मैडम के पेट में बहुत दर्द है।'

'पेट दर्द!'

'हां सर, पीरियड चल रहे हैं उनके।'

उन्होंने उफ....करते हुए कहा- 'जाइए। आप घर जाइए।' इतना कह वह फाइल ले कर आगे की ओर बढ़ गए। कुछ आगे जाकर ही संगीता की भी फाइल की वही दशा देखकर संजीव साहब सोच में पड़ गए। मैडम संगीता बाकी डाटा .....'

'सर तबीयत कुछ ठीक नहीं थी, इसलिए काम पूरा नहीं कर पाई।'

'ये क्या बात हुई! तबीयत-तबीयत...।'

'सर पेट दर्द था।'

'मैडम ऐसे कैसे चलेगा! आप लोग तो पेट दर्द बोलकर साइड हो जाएंगी। पर मैं क्या जवाब दूंगा?'

संगीता चुप रही फिर बोली- 'सर मैंने एप्लीकेशन भी दी थी।'

'खाली एप्लीकेशन देने से कंपनी कैसे चलेगी! झुंझलाकर बोले- 'घर जाइए। आराम कीजिए।'

संजीव जी सोच में पड़ गए। उन्होंने स्वयं सारी फाइल लेकर प्रातः सूरज उगने तक कार्य समाप्त किया। घर पहुंचते ही मैडम रीता पूछने लगी- 'इतना क्या काम आ गया था कि सारी रात आपको घर आने तक का वक्त नहीं मिला।'

'अरे मैडम दो-दो कर्मचारियों का काम मैंने कल पूरा किया।'

'क्यों वह कहां थे?'

'अरे रोज दफ्तर आते थे, आज फाइल देखी तो! सारा डाटा आधा अधूरा। वजह पूछी तो कहते हैं-सर पेट दर्द था।'

'तो आपने कहा नहीं कि दफ्तर ही नहीं आना चाहिए था।'

'उन्होंने पेट दर्द की एप्लीकेशन भी दी थी, लेकिन मैंने ही नहीं मानी थी।'

'ओहो, फिर तो यह आपकी गलती है, आप भी ना ....।'

'रीता अब मैं हर महीने में पांच दिन सभी महिलाओं को छुट्टी देता रहूं तो कंपनी कैसे चलेगी!'

'हां, आपकी बात सही है लेकिन शायद उन्हें सचमुच कुछ अधिक दिक्कत होती हो। फिर तो वही होगा जो कल हुआ! वो यदि नहीं आएंगी तो वह काम आप अन्य कर्मचारियों से करवा सकते हैं, लेकिन आकर यदि काम नहीं कर पाए तो आपको वेतन भी देना होगा और काम भी नहीं होगा।'

'सही कह रही हो। इससे बेहतर है कि उन्हें छुट्टी ही दे दिया जाए। सचमुच छुट्टी दे दी होती तो कल मुझे इस सर्दी में पूरी रात काम नहीं करना पड़ता।

'... और मैं भी इतनी परेशान ना होती।' रीता ने हंसते हुए कहा।

'रीता तुम भी न ...'

'हां जी, कभी- कभी मुझसे भी सलाह ले लिया कीजिए।' रीता ने थोड़ा इतराते हुए कहा।

'जी-जी, जरूर मैडम। जो हुकुम आपका।' हंसते हुए संजीव बोले तो दोनों के चेहरे पर प्यार का लिबास ओढ़े खुशी की लहर दौड़ गई।

**लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली में कांग्रेस को बड़ा झटका,** बदल सकते हैं कुछ इलाकों में स्थानीय समीकरण

# अरविंदर लवली BJP में शामिल, कांग्रेस को कहा... टुकड़े-टुकड़े वाली पार्टी

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कांग्रेस के बड़ा झटका लगा है। हाल ही में पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले नेता अरविंदर सिंह लवली शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं।

वह आम आदमी पार्टी से गठबंधन को लेकर नाराज चल रहे थे। लवली के साथ कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है। इनमें पूर्व विधायक राजकुमार चौहान भी शामिल हैं। भाजपा में शामिल होते ही लवली ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, इंदिरा जी ने कहा था मेरे खून का कतरा-कतरा इस देश के लिए है। इंदिरा जी की वही कांग्रेस पार्टी आज टुकड़े-टुकड़े तक पहुंच गई है। इसलिए हमने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने का फैसला किया है। लवली ने कहा कि भाजपा देश के विकास के लिए काम कर रही है। लवली शनिवार को अचानक भाजपा मुख्यालय पहुंचे और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह



पुरी, भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो गए। यह पालाबदल ऐसे समय हुआ है, जब दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर छठे चरण के दौरान 25 मई को मतदान होना है।

### भाजपा देश को आगे बढ़ाने वाली पार्टी

लवली ने कहा कि सभी जानते हैं कि किन परिस्थितियों में मैंने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। उसके बाद, मैं अपने समर्थकों और कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिला। उन्होंने मुझसे घर पर न बैठने और दिल्ली के लोगों के लिए लड़ने के लिए एक मजबूत पार्टी में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश के लिए कोई पार्टी काम कर रही है, तो वह भाजपा है। यह पार्टी देश को आगे बढ़ाने वाली पार्टी है। मैंने इस्तीफे की चिट्ठी में कई बातें गिनाई हैं। जो लोग अपने लोगों का ध्यान नहीं रखते, वह देश का क्या ख्याल रखेंगे।

### दिल्ली में लहराएगा भाजपा का परचम

लवली ने कहा कि हमें भाजपा के बैनर तले और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के लिए लड़ने का मौका दिया गया है। इसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं। मुझे पूरी उम्मीद है कि देश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। आने वाले दिनों में दिल्ली में भी भाजपा का परचम लहराएगा।

### आप के साथ गठबंधन पर की थी आपत्ति

लवली ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते समय उत्तर पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार और उत्तर पश्चिम दिल्ली से उदित राज को टिकट दिए जाने की आलोचना की थी और कहा कि ये दिल्ली कांग्रेस के लिए अजनबी हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे अपने इस्तीफे में कहा था कि वह खुद को लाचार महसूस कर रहे थे।उन्होंने कहा था कि दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के एकमात्र आधार पर बनी थी।

## कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता मोहंती ने लौटाया टिकट



**पुरी (ओडिशा)।** कांग्रेस की एक और प्रत्याशी ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। दरअसल ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सुचारिता मोहंती ने आर्थिक कारणों का हवाला देते हुए अपना नाम वापस ले लिया है। इससे पहले इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी ने भी नामांकन के बाद अपना नाम वापस ले लिया था। वहीं सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया था। सुचारिता मोहंती ने शनिवार को दावा किया कि उन्हें पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने के लिए कोई पैसा नहीं दिया गया है। मोहंती ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को ईमेल भेजा है, जिसमें उन्होंने लिखा कि वह सांसद का टिकट लौटा रही हैं।

## TMC परिवार का हिस्सा था और रहूंगा: कुणाल घोष

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रदेश महासचिव पद से हटाए जाने के बाद कुणाल घोष ने पार्टी के सांसद डेरेक ओब्रायन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद घोष ने यह स्पष्ट किया कि वह तृणमूल परिवार में ही रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपना नेता बताया। मीडिया से बात करते हुए घोष ने कहा, मैं तृणमूल परिवार में था, हूं और रहूंगा। मेरी नेता ममता बनर्जी और मेरे महासचिव अभिषेक बनर्जी हैं। मैं तृणमूल परिवार का सदस्य हूं और इसी के साथ मैं अपनी राजनीतिक पहचान जारी रखना चाहता हूं। बता दें कि टीएमसी से हाल ही में कुणाल घोष को पार्टी के प्रदेश महासचिव पद से हटा दिया था। पद से हटाए जाने के बाद से ही कुणाल घोष ने पार्टी के राज खोलने लगे। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी की तारीफ भी की।

**पीएम मोदी की झारखंड-बिहार** में सभा, यूपी में रोड शो

# एक शहजादा बिहार में भी रिपोर्ट कार्ड में हैं घाटाले

एजेंसी | दरभंगा/पटना/कानुपर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने झारखंड में पलामू और गुमला में जनसभा को संबोधित किया। वहीं बिहार के दरभंगा में चुनाव सभा में उन्होंने कांग्रेस और राजद पर जमकर सियासी प्रहार किया।

बाद में उत्तर प्रदेश पहुंचे पीएम मोदी ने कानपुर में रोड शो किया। पीएम मोदी ने शनिवार को बिहार के दरभंगा के राज मैदान में राजग प्रत्याशियों समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव का नाम लिए बगैर कहा कि जैसे एक शहजादे दिल्ली में हैं वैसे ही एक शहजादे पटना में भी हैं। एक शहजादे ने बचपन से पूरे देश को तो दूसरे ने पूरे बिहार को अपनी जागीर समझ रखा है।




लेकिन सबको पता है कि इन दोनों शाहजादों के रिपोर्ट कार्ड एक जैसे हैं जिनमें घोटाले और बेलगाम कानून व्यवस्था के अलावा कुछ नहीं है।

पीएम मोदी ने कहा कि ये लोग बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान में छेड़छाड़ करके दलित और पिछड़े समाज के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उन दिनों को याद कीजिए जब बिहार में अपहरण उद्योग चलता था। शाम होते ही हमारी-बहन बेटियां घर से बाहर नहीं निकलती थीं।

घोटाले करके खजाने को लूटा जाता था और नौकरी देने के पहले जमीन लिखवा ली जाती थी। आज नीतीश जी के नेतृत्व में राजग सरकार बिहार के विकास के लिए दिन-रात एक करके काम कर रही है। राजग ने 25 साल का विजन देश के सामने रखा है और 5 साल के विकास का रोडमैप भी तैयार कर लिया है।

### गोधरा कांड का किया जिक्र

पीएम मोदी कहा कि राजद का इतिहास सामाजिक न्याय का मुखौटा लगाकर तुष्टीकरण करने का रहा है। जब गोधरा में कार सेवकों को जिंदा जलाया गया था तब रेल मंत्री बिहार के शहजादे के पिता थे। जो सजा काट रहे हैं और जमानत पर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से 500 सालों का सपना पूरा हुआ।

# मैं संविधान बदलने का पाप नहीं करूंगा

पीएम मोदी ने झारखंड दौरे के दूसरे दिन शनिवार को पलामू और गुमला में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने लोगों से कहा कि विपक्ष झूठ फैला रहा है कि भाजपा की सरकार संविधान बदल देगी। मैं आपको गारंटी देता हूं कि संविधान पर आंच नहीं आने दूंगा। ओबोसी, पिछड़े और दलितों के आरक्षण को छीनने नहीं दूंगा। मैं बाबा साहेब अंबेडकर को पूजने वालों में से हूं। ये लोग झूठ फैला रहे हैं कि मोदी आएगा तो संविधान बदल देगा। मैं 10 साल से सरकार चला रहा हूं। मैं यह पाप नहीं करूंगा। मैं गारंटी देता हूं कि जब तक मोदी जिंदा है दलित, पिछड़े, आदिवासयों के आरक्षण का रत्तीभर भी मुसलमानों को नहीं देने दूंगा।




### एक पैसे के घोटाले का आरोप नहीं लगा

पीएम मोदी ने कहा, आपके आशीर्वाद से सीएम और पीएम के रूप में देशवासियों की सेवा करते हुए मुझे अब 25 साल हो जाएंगे। इन 25 वर्षों में आपके आशीर्वाद से मोदी पर एक पैसे के घोटाले का भी आरोप नहीं लगा है। मैं आज भी पद, प्रतिष्ठा, सुख-समृद्धि से दूर आज भी वैसा ही हूं, जैसा आपने मुझे यहां भेजा था।

### पीएम मोदी का कानपुर में रोड शो, गुरुद्वारे में मत्था टेका

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कानपुर में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में भव्य रोड शो किया। इस दौरान दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानपुर और अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की सात विधानसभाओं से होकर गुजरेंगे। पीएम मोदी रविवार को उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे और इटावा, सीतापुर और फिर अयोध्या में उनके कार्यक्रम आयोजित होंगे। रोड शो के दौरान पीएम मोदी गुमटी गुरुद्वारे पहुंचे। जहां उन्होंने माथा टेका। उनके साथ यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी मौजूद रहे। पीएम मोदी के पहुंचने से पहले ही सीएम योगी आदित्यनाथ गुमटी गुरुद्वारे में पहुंचे चुके थे। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर गुमटी गुरुद्वारा से कालपी रोड तक दूधिया रोशनी से रूट चमका। रोड शो के बाद पीएम मोदी ने कहा कि रोड शो में आप सभी से मिले अपार आशीर्वाद ने मुझे नई ऊर्जा से भर दिया है। इतनी विशाल संख्या में आपकी मौजूदगी बताती है कि कानपुरवासियों को अपने मोदी से कितना लगाव है। यह भाजपा-एनडीए सरकार में हो रहे विकास में आपके विश्वास की भी एक सशक्त अभिव्यक्ति है।

**गुजरात: प्रियंका गांधी का** प्रधानमंत्री मोदी पर पलटवार

# PM शहंशाह...महलों में रहते हैं जनता के दुख से लेना-देना नहीं

एजेंसी | बनासकांठा (गुजरात)

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान से पहले गुजरात में चुनाव प्रचार अभियान और सियासी हमले तेज हो गए हैं। इस बीच, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पीएम मोदी ऐसे शहंशाह हैं, जो खुद महल में रहते हैं लेकिन जनता के दुख से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। प्रियंका ने बनासकांठा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा पीएम मोदी मेरे भाई को शहजादा कहते हैं लेकिन इस शहजादे ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक लोगों की समस्या सुनने के लिए चार हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की।

इस दौरान वह किसानों और मजदूरों से मिले और उनकी समस्याओं के समाधान पर बातचीत की। ज्ञात रहे कि पीएम मोदी ने गुजरात में एक जनसभा में राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान चाहता है कि भारत का अगला प्रधानमंत्री शहजादे को बनाया जाए। इसके जवाब में प्रियंका ने कहा कि चुनाव भारत में हो रहे हैं और बात पाकिस्तान की हो रही है।



### संविधान बदलने की बात करती है BJP

प्रियंका ने कहा कि भाजपा नेता दावा करते हैं कि अगर उनकी सरकार फिर से सत्ता में आई तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा। जब वह संविधान बदलने की बात कर रहे हैं, तो इससे साफ है कि वह जनता को दिए गए अधिकारों को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि अगर आप मोदी सरकार के पिछले कामकाज पर नजर डालेंगे तो साफ पता चल जाएगा कि उन्होंने जनता को दिए गए संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में समानता की बात कही गई गई है, लेकिन प्रधानमंत्री खुद कहते हैं कि समानता के लिए लड़ने वाले लोग संविधान विरोधी हैं।

### सरकारी संपत्तियों को बेचा जा रहा

उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम द्वारा सरकारी संपत्तियों को अरबपतियों को बेचा जा रहा है। निजीकरण की वजह से देश में बेरोजगारी बढ़ गई है, लेकिन इससे सरकार को कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में सारी नीतियां अरबपतियों के लिए बनाई जा रही हैं। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि आखिर क्यों प्रधानमंत्री गुजरात से चुनाव नहीं लड़ रहे? ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने राज्य की जनता का इस्तेमाल किया और फिर सब कुछ भूल गए। प्रियंका ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी की दर बीते 45 सालों में सबसे अधिक ऊंचाई पर पहुंच गई है। प्रियंका गांधी ने चुनावी बॉन्ड पर कहा कि सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के लिए एक नई योजना लाई गई। कभी देश में चोरी-छिपे भ्रष्टाचार किया जाता था, लेकिन अब चुनावी बॉन्ड योजना के माध्यम से खुले आम भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

**विरासत कर पर** भाजपा पर बरसे थरूर

# राजीव गांधी ने खत्म कर दिया था कानून, BJP बेवजह उठा रही मुद्दा

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता शशि थरूर विरासत कर के मुद्दे पर भाजपा को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में ऐसी कोई बात नहीं कही है, लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा इस मुद्दे को जान-बूझकर उठाया जा रहा है क्योंकि उन्हें हार का डर सता रहा है। बता दें कि थरूर कांग्रेस के घोषणापत्र को तैयार करने वाली टीम के सदस्य थे। उन्होंने कहा कि विरासत कर को 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा समाप्त किया गया था।



लेकिन इसके बाद भाजपा ने इस मुद्दे को फिर से उठाने का काम किया है। सैम पित्रोदा के विरासत कर वाले बयान पर थरूर ने कहा कि पित्रोदा भारत में नहीं बल्कि शिकागो में रहते हैं और यह उनके निजी विचार हैं। कांग्रेस जिन मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रही है, वे सारी बातें घोषणापत्र में लिखी गईं हैं। थरूर ने कहा कि घोषणापत्र बनाने वाली कमेटी का सदस्य होने के नाते मैं कह सकता हूं कि पार्टी ने कभी भी विरासत कर को लेकर चर्चा नहीं की।

**छत्तीसगढ़ की चुनावी चिट्ठी**

# तीसरे चरण के लिए BJP-कांग्रेस ने झोंकी ताकत, अभेद्य व्यूह रचना में जुटीं

एजेंसी | रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए तीसर चरण में हो 7 मई को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। रविवार शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इससे भाजपा-कांग्रेस दोनों पार्टियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पांच मई शाम तक लगातार चुनावी सभाएं हैं। वहीं, कांग्रेस में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मोर्चा संभाले हुए हैं। दोनों पार्टियों के नेताओं ने चार मई को भी चुनाव सभाएं की। पांच मई को भी भाजपा-कांग्रेस की कई बड़ी सभाएं होंगी। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस ने अपनी चुनावी व्यूह रचना मजबूत करने में लगी हैं। राज्य की 11 लोकसभा सीटों में से 4 सीटों पर चुनाव के प्रथम दो चरण में मतदान हो चुका है। शेष सात सीटों पर 7 मई को मतदान होना है। जिन सात सीटों में मतदान होना हैं उनमें सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चंपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर लोकसभा सीट शामिल है। पहले चरण में सिर्फ बस्तर सीट पर और दूसरे चरण में तीन सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा सीटों पर मतदान हो हुआ। इस बीच, राजनीतिक दलों के नेता जमकर प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं।





प्रदेश में लगातार केंद्रीय नेताओं का दौरा हो रहा है। भाजपा की ओर से पीएम मोदी यहां चुनाव प्रचार के लिए कई सभाओं को संबोधित कर चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस ने 2 सीटें और बीजेपी ने 9 सीटें जीती थीं। कांग्रेस कोरबा और बस्तर सीट ही जीत सकी थी। राज्य में सत्ताधारी दल भाजपा विधानसभा चुनाव के दौरान किसानों, महिलाओं और युवाओं से किए गए वादों को पूरा करने की गारंटी के साथ लोकसभा चुनाव में उतरी है। पार्टी को इन वादों के साथ-साथ 'मोदी प्रभाव' पर भी भरोसा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस किसानों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और जाति जनगणना जैसे मुद्दे के दम पर जीत की आस लगाए हुए है।

### इन सीटों पर है रोचक मुकाबला

तीसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटों की बात करें तो छत्तीसगढ़ के लिहाज से रोचक मुकाबला दिख रहा है। 7 सीटों में होने वाले मतदान में हाई प्रोफाइल सीट रायपुर है। यहां से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल और कांग्रेस के विकास उपाध्याय के बीच मुकाबला होना है। वहीं, दुर्ग में भाजपा से विजय बघेल और कांग्रेस के राजेंद्र साहू, कोरबा से भाजपा की सरोज पांडेय और कांग्रेस की ज्योत्सना महंत के बीच दिलचस्प मुकाबला है। बाकी बची सीटों में बिलासपुर में भाजपा की तरफ से तोखन साहू और कांग्रेस की तरफ से देवेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं।

### कुल 168 उम्मीदवार मैदान में

तीसरे चरण के लिए सोमवार को नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की सूची अब स्पष्ट हो गई है। तीसरे चरण में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़ में 168 प्रत्याशी मैदान में हैं। इन 7 लोकसभा सीटों के लिए कुल 15 हजार 701 मतदान केंद्र हैं। इसमें से ही 7 हजार 887 मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग कराई जाएगी।

### न संविधान को खतरा ना आरक्षण को: साय

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की ओर से वर्तमान सांसद विजय बघेल चुनावी मैदान में है। इनके प्रचार को लेकर शनिवार को सीएम विष्णु देव साय जिले के दौरे पर रहें। उन्होंने जिले के नवागढ़ में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम वि साय ने कांग्रेस को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस कई तरह के अफवाह फैला रहीं है, जिसमें कहा जा रहा है कि भाजपा की 400 सीट आने पर संविधान को खतरा है, आरक्षण खत्म हो जाएगा।

### खुल चुकी है सरकार के झूठ की पोल: अजय

बिलासपुर (छत्तीसगढ़)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय उपाध्याय ने शनिवार को बिलासपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन के सरकार में लोग अब असहाय हो गए हैं और राज्य में दिनों दिन क्राइम बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के झूठ की पोल खुल चुकी है। चार जून को देश और प्रदेश से भाजपा खत्म हो जाएगी।

## जरूरी खबर

### कांग्रेस के लापता नेता का आधा जला शव मिला

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कांग्रेस के एक लापता जिला अध्यक्ष केपीके जयकुमार तिरुनेलवेली में मृत पाए गए। उनका आधा जला हुआ शव मिला है। वह दो दिनों से लापता था। जयकुमार के बेटे ने शुक्रवार को पुलिस को उनके लापता होने की शिकायत दी थी। पुलिस उनकी खोज में लगी हुई थी लेकिन अचानक उनका शव उनके ही खेत में मिल गया। साथ ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष का मौत के बारे में लिखा गया एक पत्र भी पुलिस को मिला है। पुलिस के मुताबिक पहली नजर में पत्र कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारा लिखा गया ही प्रतीत होता है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के लापता होने के बाद मौत की खबर ने राजनीतिक रूप ले लिया है। अन्नाद्रमुक प्रमुख ईपीएस ने इसे कानून एवं व्यवस्था में गिरावट की चरम सीमा बताते हुए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

### चुनाव प्रक्रिया देखने 23 देशों के 75 प्रतिनिधि आए

**नई दिल्ली।** देशभर में जारी लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आएंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि दुनियाभर के 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों से जुड़े 75 प्रतिनिधि भारत आए हैं। यह लोग चुनाव प्रणाली की बारीकियों को जानेंगे। चुनाव आयोग ने बताया कि भूटान, मंगोलिया, ऑस्ट्रेलिया, मेडागास्कर, फिजी, किर्गिज गणराज्य, रूस, मोल्दोवा, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, कंबोडिया, नेपाल, फिलीपींस आदि शामिल हैं।

### एयर इंडिया: 15 किलो समान ही लेजा सकेंगे मुफ्त




**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की किफायती उड़ान मे अब केवल 15 किलोग्राम सामान मुफ्त में ले जा सकेंगे। घाटे में चल रही एयर इंडिया ने घरेलू यात्रा के लिए अपनी सामान नीति या बैगेज पॉलिसी में बदलाव किया है। एयरलाइन कंपनी ने किफायती किराया श्रेणी या इकोनॉमी क्लास के लिए फेयर फैमिली मॉडल के तहत फ्री केबिन बैगेज एलाउंस घटाकर 15 किलो किलोग्राम कर दिया है। पहले कंफर्ट क्लास में 20 किलो, कंफर्ट प्लस में 25 किलो सामान ले जाने की थी अनुमति थी। पिछले साल फेयर फैमिली मॉडल को यात्रियों को उस तरह का किराया और सेवाएं चुनने की सुविधा देने के लिए डिजाइन किया गया है, जो उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप हों।

## वायुसेना को मिला दूसरा C-295 सैन्य विमान








*__नई दिल्ली।__ भारतीय वायुसेना को दूसरा C-295 सैन्य विमान सौंप दिया गया है। पहला विमान पिछले साल सितंबर माह में दिया गया था। एयरबस डिफेंस ने शुक्रवार को एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। भारत की ओर से खरीदे जा रहे कुल 56 विमानों में से 16 का उत्पादन एयरबस द्वारा स्पेन के सेविले में किया जाएगा। शेष 40 विमानों का उत्पादन भारत के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (टीएएसएल) द्वारा किया जा रहा है। मेक इन इंडिया के तहत C-295 के लिए वडोदरा में पहला संयंत्र 2026 में शुरू होगा। यह विमान विशेष अभियानों के साथ-साथ आपदा की स्थिति और समुद्री तटीय क्षेत्रों में गश्ती कार्यों को पूरा करने में सक्षम है।*

### PAYTM के प्रेसिडेंट भावेश ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** पेटीएम को शनिवार को एक बड़ा झटका लगा। पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के प्रेसिडेंट और सीओओ भावेश गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पेटीएम ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि भुगतान और उधार कारोबार की देखरेख करने वाले भावेश गुप्ता ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, वे सलाहकारी भूमिका में कंपनी से जुड़े रहेंगे। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर आरबीआई की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों के चलते भावेश गुप्ता के नेतृत्व वाले कारोबारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। इन प्रतिबंधों से पेटीएम को 300-500 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। क्लिक्स कैपिटल को छोड़कर भावेश अगस्त 2020 में पेटीएम से जुड़े थे।

## कर्नाटक: यौन उत्पीड़न व अपहरण मामले में कार्रवाई

# SIT ने एचडी रेवन्ना को हिरासत में लिया, अग्रिम जमानत खारिज

**एजेंसी** | बेंगलुरु

यौन उत्पीड़न के मामले में घिरे जनता दल (एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के पिता और विधायक एचडी रेवन्ना को विशेष जांच दल (एसआईटी) ने हिरासत में लिया है। विशेष जांच दल यौन उत्पीड़न मामले की जांच कर रहा है। एचडी रेवन्ना को उनके खिलाफ दर्ज अपहरण के मामले में हिरासत में लिया गया है। इससे पहले बेंगलुरु की जनप्रतिनिधि अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 6 मई होगी। एसआईटी की टीम शनिवार को पूछताछ करने एचडी रेवन्ना के घर पहुंची थी। ज्ञात रहे कि प्रज्वल रेवन्ना अभी फरार है। प्रज्वल पर भी कई महिलाओं के यौन शोषण का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि एचडी रेवन्ना को एसआईटी कार्यालय ले जाया गया है। एचडी रेवन्ना ने खुद दरवाजा खोला और एसआईटी अधिकारियों के साथ अपने वाहन की ओर चले गए। हिरासत में लिए जाने के समय उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की। ज्ञात रहे कि एचडी रेवन्ना और उनके विश्वासपात्र सतीश बबन्ना के खिलाफ एक महिला के अपहरण के आरोप में गुरुवार रात मामला दर्ज किया गया था।



### 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे प्रज्वल

खबर थी कि कर्नाटक में पहले चरण के मतदान के बाद प्रज्वल रेवन्ना 27 अप्रैल को विदेश चले गए थे। उनके वकील ने एसआईटी के सामने पेश होने के लिए सात दिन का समय मांगा था, जिस पर जांच टीम ने जवाब दिया कि ऐसा संभव नहीं है।

### जारी हो चुका था लुकआउट नोटिस

एचडी रेवन्ना को हिरासत में लिए जाने की खबर ऐसे समय सामने आई जब एसआईटी ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रज्वल पर दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने का आरोप हैं।

### प्रज्वल के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी

इससे पहले मामले की जांच कर रही एसआईटी ने मुख्यंमत्री सिद्धारमैया को बताया था कि प्रज्वल के खिलाफ सीबीआई ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर सकती है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एसआईटी अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की थी, जिस दौरान उन्होंने प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने को कहा। बैठक में एसआईटी के अधिकारियों ने सीएम को बताया कि प्रज्वल की गिरफ्तारी के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। एसआईटी ने कहा कि जैसे ही प्रज्वल के एयरपोर्ट पहुंचने की जानकारी मिलेगी, उन्हें तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसआईटी ने सीबीआई से अनुरोध किया है कि इस मामले में प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाए। जांच टीम ने उम्मीद जताई कि हासन सांसद के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के बाद उनके ठिकानों के बारे में जानकारी हासिल हो सकती है।

## चुनाव के बीच सरकार का अहम फैसला

# प्याज निर्यात पर प्रतिबंध समाप्त, कीमत की तय

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों के बीच सरकार ने प्याज को लेकर एक बार अपना रुख बदल दिया है। दिसंबर से जारी प्याज के निर्यात पर लगा प्रतिबंध शनिवार को सरकार ने अचानक से हटा दिया। जबकि इससे पूर्व शुक्रवार रात को सरकार ने प्याज पर 40 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाने का आदेश जारी किया था। इसी बीच सरकार ने शनिवार को प्याज के निर्यात पर से प्रतिबंध को को हटा दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शनिवार दोपहर इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी। हालांकि प्रतिबंध को हटाने के साथ ही इसके लिए न्यूनतम निर्यात कीमत 550 डॉलर प्रति टन (करीब 45,850 रुपए प्रति टन) तय की है। ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दिया गया है। इससे पहले भी सरकार ने पिछले साल अगस्त में प्याज पर 40 प्रतिशत की एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाई थी जो 31 दिसंबर 2023 तक मान्य थी। इसी बीच 8 दिसंबर 2023, सरकार ने प्याज के निर्यात को 31 मार्च 2024 तक के लिए बैन कर दिया। बाद में इसे अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया।



### क्यों लगाया था एक्सपोर्ट पर बैन

अलनीनो और बेमौसम बारिश के असर को देखते हुए सरकार ने प्याज के निर्यात पर बैन लगाया था। सरकार ने इसके पीछे की वजह देश में प्याज की पर्याप्त उपलब्धता और कीमतों को नियंत्रण में बनाए रखना बताई थी। इसके बाद मार्च में कृषि मंत्रालय ने प्याज उत्पादन से जुड़े आंकड़े पेश किए। इसके हिसाब से 2023-24 में पहली फसल के दौरान प्याज का उत्पादन 254.73 लाख टन रहने का अनुमान था। ये पिछले साल 302.08 लाख टन उत्पादन के मुकाबले कम था।

# सीएम से मिली रोहित की मां, फिर से होगी जांच

## वेमुला आत्महत्या मामले में क्लोजर रिपोर्ट का विरोध

**एजेंसी** | हैदराबाद



हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रहे रोहित वेमुला की आत्महत्या मामले पुलिस द्वारा एक स्थानीय अदालत क्लोजर रिपोर्ट पेश किए जाने के मद्देनजर रोहित की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर न्याय की मांग की। सीएम रेड्डी ने राधिका से कहा कि रोहित की आत्महत्या की फिर से जांच की जाएगी। जांच पूरी पारदर्शिता के साथ होगी। इससे पहले रोहित के भाई राजा वेमुला ने दावा किया था कि जिला कलेक्टर ने परिवार के अनुसूचित जाति के होने के बारे में फैसला नहीं लिया।

राजा वेमुला का कहना है कि उनके परिवार ने पुलिस द्वारा पेश की गई क्लोजर रिपोर्ट का विरोध किया है।

उन्होंने कहा कि जाति की स्थिति पर स्पष्टीकरण देने के लिए सक्षम प्राधिकारी जिला कलेक्टर हैं, जो कि पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिल में हैं। राजा वेमुला ने मांग उठाई कि जिन अन्य छात्रों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, उन्हें रद्द किया जाए। ज्ञात रहे कि रोहित की मौत पर पुलिस ने स्थानीय अदालत के समक्ष अपनी क्लोजर रिपोर्ट पेश की थी।

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि रोहित वेमुला दलित नहीं थे और उन्होंने असली पहचान जाहिर होने के डर से आत्महत्या की थी। पुलिस ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए इस मामले के आरोपियों को 'क्लीन चिट' दी है।

# 130 करोड़ रुपए के बिटकॉइन जब्त

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को कहा कि उसने 130 करोड़ रुपए से अधिक की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की है और अमेरिकी अधिकारियों के अनुरोध पर शुरू की गई ड्रग्स तस्करी से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत उत्तराखंड के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। परविंदर सिंह को परिसर की तलाशी के बाद 27 अप्रैल को नैनीताल के हल्द्वानी से हिरासत में लिया गया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि आरोपित डार्क वेब के माध्यम से ड्रग्स बेचता था। ये ज्यादातर यूरोपीय देशों में होती थीं। अमेरिकी अधिकारियों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर जांच शुरू की गई थी। इसमें आरोप लगाया गया कि परविंदर सिंह और उसका भाई बनमीत सिंह कुछ अन्य लोगों के साथ सिंह डीटीओ नामक एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी समूह संचालित कर रहा है। वे डार्क वेब बाजारों पर बिक्री कर क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन के माध्यम से पैसे जुटाए। अल्फा बे और हंसा जैसे डार्क वेब बाजारों पर लिस्टन नाम का इस्तेमाल किया था। ईडी को लिस्टन नाम से जुड़े बिटकॉइन प्राप्त हुए जो कुछ और नहीं, बल्कि विभिन्न देशों में मादक पदार्थों की बिक्री के माध्यम से अपराध की आय थी। एजेंसी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी पहले ही हजारों करोड़ रुपए मूल्य के बिटकॉइन जब्त कर चुके हैं।

## सेना के पास जल्द होंगे हाई एल्टीट्यूड ड्रोन

# पहुंचाएंगे सामान, एयर एंबुलेंस का भी करेंगे काम

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दूर दराज के इलाकों और हाई एल्टीट्यूड क्षेत्र में भारतीय सेना को सामान पहुंचाने का काम अब ड्रोन करेगा। सेना को 40 किग्रा पेलोड की क्षमता वाले स्वदेशी तकनीक से बने ऐरावत ड्रोन बेहद पसंद आए हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इनकी डिलीवरी भी शुरू की जाएगी।

फिरोजाबाद की ऑर्डिनेंस इक्विपमेंट फैक्टरी हजरतपुर ने सैन्य ऑपरेशन के लिए 20 से 100 किग्रा का वजन ढोने की क्षमता वाले लॉजिस्टिक ड्रोनों को डिजाइन किया है, इनमें ऐरावत-1 की क्षमता 20 किग्रा, ऐरावत-2 की क्षमता 40 किग्रा है। जबकि ऐरावत-3 अभी विकास के चरण में है।



इसकी पेलोड क्षमता 100 किग्रा है। समझा जाता है कि ऐरावत-3 उच्च हिमालयी इलाकों में सेना के लिए एयर एम्बुलेंस के तौर पर काम करेगा। ऑर्डिनेंस फैक्टरी का कहना है कि उन्हें उधमपुर आर्मी कमांड से 13 ऐरावत- 3 ड्रोन डेवलप करने के ऑर्डर मिले हैं।

ऑर्डिनेंस फैक्टरी का दावा है कि ऐरावत दुनिया का पहला हाई एल्टीट्यूड लॉजिस्टिक्स ड्रोन है। सूत्रों के अनुसार सियाचिन जैसे इलाकों में अक्सर जवानों को कम ऑक्सीजन के चलते हाई एल्टीट्यूड सिकनेस और भूस्खलन जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उन्हें तुरंत मेडिकल सपोर्ट की जरूरत पड़ती है। लेकिन कई बार मौसम खराब होने से हेलिकॉप्टर की मदद नहीं मिल पाती। वहीं ऐरावत-3 के आने के बाद उन्हें घायल और बीमार सैनिक को मेडिकल सेंटर तक पहुंचाया जा सकेगा। वहीं, ऑर्डिनेंस फैक्टरी इसमें सटीक लोकेशन और मौसम की जानकारी के लिए इसमें राडार सिस्टम भी जोड़ेगी।

### ऐरावत-2 का हो चुका है ट्रायल

इस साल की शुरुआत में ऐरावत-2 लॉजिस्टिक ड्रोन के उत्तरी कश्मीर में उरी और कुपवाड़ा, पूर्वी लद्दाख में न्योमा और अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में 12,500 फीट तक हाई एल्टीट्यूड इलाकों में परीक्षण आयोजित किए गए थे। ड्रोन ने पेलोड के साथ भारत-चीन सीमा में 5000 मीटर की ऊंचाई तक भी उड़ान भरी। यहां तक कि खराब मौसम में भी ऐरावत ने सफलतापूर्वक मिशन पूरा किया। ट्रायल में पाया गया कि आपदा के दौरान ये ड्रोन पूरी तरह से सफल रहे थे।

### 18 हजार फीट तक भर सकता है उड़ान

ऐरावत 2 में आठ रोटर लगे हैं, जो ड्रोन को चारों दिशाओं में घुमा सकते हैं। यह एक घंटे में फुल चार्ज हो सकता है और 45 मिनट तक हवा में रह सकता है। ऐरावत-2 10 किमी की रेंज में सामान की डिलीवरी कर सकता है। ऑर्डिनेंस फैक्टरी का दावा है कि ऐरावत-2 लॉजिस्टिक ड्रोन समुद्री तट से 18 हजार फीट ऊंचाई तक उड़ सकता है।

# सीएए मुसीबत में फंसे लोगों के लिए अहम रास्ता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि भारत, रूस व चीन जैसे देश जेनोफोबिकहैं। बाइडन द्वारा इस्तेमाल किए गए जेनोफोबिक शब्द का मतलब एक तरीके से डर को कहा जाता है, जो बाहरी लोगों को आने से रोकता है। इस पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जोर देकर कहा कि देश विविध समाजों के लोगों के लिए खुला और स्वागत करने वाला रहा है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जयशंकर ने एक कार्यक्रम में कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाया गया नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) भारत के स्वागत योग्य दृष्टिकोण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास सीएए है, जो मुसीबत में फंसे लोगों के लिए एक अहम रास्ता होगा। जयशंकर ने इस आरोप का भी खंडन किया कि भारतीय अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है।

### यह कहा था बाइडेन ने

दरअसल, 2 अप्रैल को, बाइडेन ने कहा था कि भारत, चीन, जापान और रूस की जेनोफोबिक प्रकृति उनकी आर्थिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार है और तर्क दिया कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है क्योंकि वह अपनी धरती पर अप्रवासियों का स्वागत करता है।

### कला गुरु पद्मश्री रामगोपाल विजयवर्गीय की 21वीं पुण्य तिथि पर कला शिविर

# युवा कलाकारों ने कैनवास पर रंगों से उकेरी कल्पना- हकीकत की कहानी

**बेधड़क.जयपुर।** जलमहल की खूबसूरत वादियों के बीच कैनवास पर सजी रंगों की स्वप्निल दुनिया ने कला प्रेमियों को अपने मोहपाश में बांध लिया। मौका था पद्मश्री राम गोपाल विजयवर्गीय की 21वीं पुण्यतिथि पर आयोजित 4 दिवसीय कला शिविर का। इस मौके पर कलाकारों ने कैनवास को अपनी कल्पनाओं से कुछ ऐसा रंगा कि आगंतुक उनमें कहानियां ढूंढते नजर आए। म्यूजियम परिसर में प्रवेश करते ही एक कैनवास पर जाकर नजर रुक जाती है। उस पेंटिंग को देखकर ऐसा लगा, कि मानो वो निरीक्षण कर रहे हैं। समापन समारोह में आए मेहमानों का कहना था कि सभी कलाकारों ने कैनवास पर रंगों से कुछ अनूठा बनाने का सुंदर प्रयास किया।




### कलाकारों को नकद पुरस्कार

इस मौके पर प्रदेश के साहित्यकार नंद भारद्वाज, कृष्ण कल्पित, राजेन्द्र मोहन शर्मा, कविता मुखर, विनोद भारद्वाज, कुंवर नरेन्द्र सिंह, ट्रस्ट अध्यक्ष कमल विजयवर्गीय ने चयन समिति द्वारा चयनित कृतियों के चितेरों को नकद इनामों से नवाजा। प्रथम स्थान पर रही बिंदु कुमारी को 10 हजार, दूसरे वसीम को 7500, तीसरे स्थान पर रहे मुकेश कुमार की कृति को 5 हजार रुपए और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कोमल जांगिड़, विपुल दाधीच और प्रतिमा की कृतियों को प्रोत्साहन अवॉर्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन साहित्यकार प्रबोध कुमार गोविल ने किया। सरोज शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### ऐसी थी कैनवास पर रंगों की अभिव्यक्ति

राजस्थान यूनिवर्सिटी की छात्राएं नंदिनी और इशिता रंगों से अपनी कल्पनाओं को पंख देने में तल्लीन रही। कोई पॉवर की कहानी कह रहे हैं तो कोई खूबसूरत संसार को रचने में लगे। वर्ली आर्ट के जरिए राजस्थान यूनिवर्सिटी की छात्रा स्वीनी ने एक खूबसूरत पेंटिंग बनाई। निम्स के अमित शर्मा ने कुछ नए अंदाज में अपनी पेंटिंग बनाई। उनकी कल्पनाओं ने जानवरों को मशीनी रूप में दिखाने की खूबसूरत कोशिश की। जयपुर में रहने वाले पूर्णिमा के यश ने ग्रामीण परिवेश को कैनवास पर खूबसूरत अंदाज में उतारा। उन्होंने कहा, जो देखता हूं और महसूस करता हूं वही कैनवास पर उतार देता हूं।





### बच्चे सीखेंगे लाइफ स्किल्स



**बेधड़क. जयपुर।** शहर के बच्चों के लिए भरतमुनि और रामायण के मूल्यों पर समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। मौका होगा एक्ट टू एक्शन और शांति जूनियर्स की ओर से कैम्प का। इसी कड़ी में पोस्टर विमोचन किया गया। कृतेश अग्रवाल और विकास अग्रवाल सहित नन्हें कलाकारों ने कार्यक्रम में शिरकत की। जयपुर से चाइल्ड आर्टिस्ट शौर्य पटेल, रुद्र, देवज्ञ कुमावत, नीतेश तिवारी द्वारा निर्मित रामायण में किरदार निभा रहे राजस्थान के धनिष्क दाधीचि और बहुत से चाइल्ड आर्टिस्ट उपस्थित रहे।

### स्वस्थ रहने का देंगे संदेश

**बेधड़क. जयपुर।** वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे पर होने वाली इंटरनेशनल मल्टीसिटी वॉक की तैयारियां खास हैं। इंटरनेशनल मल्टीसिटी वॉक का आयोजन जयपुर सहित देश-विदेश के 25 शहरों में 19 मई को होगा। कार्यक्रम के एंबेसडर लिस्ट जारी की गई। एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट फाउंडर और एब्डोमिनल कैंसर डे संस्थापक डॉ. संदीप जैन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑक्सफोर्ड से आलोक शर्मा, लंदन से दिलीप पुंगलिया, मैनचेस्टर से सुमन भाटी नरूका और न्यूयॉर्क से डॉ. मीनल शुक्ला को एंबेसडर बनाया है। मुंबई से श्याम लाटा, बैंगलुरू से सूरज कुमार, गुरुग्राम से डॉ. किरण छील्लर, नासिक से आलोक दुबे, नागपुर से दीपक गोधानी, लुधियाना से आशीष कुमार, कोटा से अमित शर्मा, जोधपुर से संदीप टांक, बाड़मेर से ब्रजेश ओझा, बहादुरगढ़ (हरियाणा) से दीपक छिल्लर, भावनगर से हस्ती ओझा व ध्याना ओझा को एंबेसडर नियुक्त किया गया है।

### सीए शर्मा IFAC बैठक में लेंगे हिस्सा



**बेधड़क. जयपुर।** सीए प्रकाश शर्मा भारतीय लेखांकन क्षेत्र के प्रतिनिधि और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के केंद्रीय परिषद के सदस्य न्यूयॉर्क में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एकाउंटेंट्स की बैठक में आईसीएआई का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक में वे भारतीय लेखांकन प्रणालियों और प्रथाओं के उत्कृष्टता का प्रदर्शन करेंगे और विश्व भर के लेखांकन विशेषज्ञों के सामक्ष इसे प्रस्तुत करेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा लघु और मध्यम उद्यमों के सामने आने वाले चुनौतियों और उनके समाधानों पर केंद्रित होगा, जो वैश्विक आर्थिक संरचना का अभिन्न अंग हैं। सीए शर्मा ने कहा है कि उनका प्रयास होगा कि आईसीएआई की विशेषज्ञता और नवाचारों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करें और भारत की भूमिका को वैश्विक लेखा मानकों के निर्माण में मजबूती प्रदान करें।

## City इवेंट्स

### गजल सांझ कार्यक्रम ने जमाया रंग



**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रम की कड़ी में गजल सांझ कार्यक्रम में गजल सिंगर ने मखमली आवाज में सुप्रसिद्ध शायरों की गजलों का गुलदस्ता पेश कर मौसिकी से रूबरू कराया। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कलाकार ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत शायर कफील अहमदाबाद की गजल मिलने को यूं तो शहर में क्या-क्या नहीं मिला, जिसकी तलाश थी वही चेहरा नहीं मिला से की। इसके बाद उन्होंने पारसा कौसरी जयपुरी की सुप्रसिद्ध गजल चैन मिल जाएगा जमाने को, फुख दूंगा जब आशियाने को और रौनक हमारे शहर में तन्हा तुम्ही से है, घर घर तुम्हारा जिक्र है चर्चा तुम्ही से है शायर अनीस देहलवी की गजल सुनाकर माहौल को रंगीन कर दिया। कार्यक्रम संयोजन नवल डांगी, कार्यक्रम में इम्पीरियल प्राइम कैपिटल के कला रसिक मनीष अग्रवाल की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कैमरा मनोज स्वामी, संगीत संयोजन सागर विनोद गढवाल, मंच सज्जा अंकित शर्मा नानू व जिवितेश शर्मा की रही।

### 'चालो शांतिनाथ दरबार' कार्यक्रम आज



भगवान शांतिनाथ का फाइल फोटो

**बेधड़क. जयपुर।** जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के तत्वावधान में रविवार को भक्तिमय जिनेन्द्र पूजा चालो शांतिनाथ के दरबार में धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर दंपती सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल होंगे। संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथजी की खोह में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम में श्री शांतिनाथ महामंडल विधान पूजा का संगीतमय आयोजन होगा। इस मौके पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि समाजसेवी लाल चन्द कठमाणा वाले मुख्य अतिथि, मनोज सोगानी पहाड़ी वाले दीप प्रज्वलनकर्ता, मोहित राणा, नितिन जैन बनेठा, राजीव लाखना विशिष्ट अतिथि तथा सासंद राम चरण बोहरा, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, विधायक कैलाश वर्मा व उप महापौर पुनीत कर्णावट गौरवमयी अतिथि होंगे।

### काउन्सिल और चार विद्यालयों के बीच एमओयू

## प्रदेश में बनेंगे चार और डेल्फिक क्लब, युवाओं को मिलेगा मंच




**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए डेल्फिक काउन्सिल ऑफ राजस्थान व चार विधालयों के मध्य एमओयू हुआ। डेल्फिक काउन्सिल ऑफ राजस्थान की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि डेल्फिक आन्दोलन से छह डेल्फिक कलाओं (शास्त्रीय संगीत, भारतीय फिल्म संगीत, लोकप्रिय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, समकालीन नृत्य, फोटोग्राफी) के प्रति युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से एमओयू किया गया है। इससे प्रदेश में डेल्फिक आन्दोलन को गति मिलेगी और छात्रों को कला व संस्कृति के प्रदर्शन के लिए एक मंच मिल सकेगा। काउंसिल भारतीय डेल्फिक काउंसिल और इंटरनेशनल डेल्फिक काउंसिल का एक हिस्सा है, जो युवाओं को अतंरराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है। काउंसिल द्वारा इन विधालयों के साथ वार्षिक कलेण्डर तैयार कर डेल्फिक गेम्स का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में काउन्सिल महासचिव जीतेन्द्र कुमार सोनी ने व द पैलेस स्कूल जयपुर, गवर्नमेन्ट सीनीयर सैकेण्डरी स्कूल किशनगढ, दिल्ली पब्लिक स्कूल और विद्याश्रम स्कूल ने एमओयू किया। इस अवसर पर काउन्सिल सदस्य कीर्ति शर्मा, मोनाली सेन, शिप्रा शर्मा, नवीन त्रिपाठी, राहुल सूद, शुवंकर विश्वास, डॉ. दिनेश कुमार राणा मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय मीडिया और एनीमेशन फेस्टिवल

## रचनात्मकता और नवीनता के उत्सव में प्रतिभा के 'हस्ताक्षर'



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल द्वारा समर्थित दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया और एनीमेशन फेस्टिवल 'हस्ताक्षर' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजस्थान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव द्वारा समर्थित फिक्शन और नॉन-फिक्शन फिल्म, एनीमेशन फिल्म फेस्टिवल सहित 17 से अधिक कार्यक्रम के आयोजन हुए। कैनन लाइट पेंटिंग-फोटोग्राफी वर्कशॉप, सन डाउनर्स कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे। इस दौरान तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, छत्तीसगढ़ और राजस्थान सहित देश भर से 260 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

कार्यक्रम का आरम्भ प्रो. (डॉ.) अमित जैन कुलपति एमिटी यूनिवर्सिटी ने किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम रचनात्मकता, नवीनता और प्रतिभा का उत्सव है। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. जीके असेरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम क्लास रूम और प्रेक्टिकल लर्निंग के अंतर को खत्म करते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. सुधि राजीव हरिदेव जोशी पत्रकारिता व जनसंचार विश्वविद्यालय थे। प्रो. सुधी राजीव ने रचनात्मकता को बढ़ावा देने और छात्रों को मीडिया और एनीमेशन में प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए यूनिवर्सिटी की सराहना की।

### मंडल पूजा विधान | गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ को चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट

# जयकारों के बीच प्राचीन प्रतिमा का किया महामस्तकाभिषेक

**बेधड़क | जयपुर**

गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ के सानिध्य में केशवरायपाटन में श्रीमुनिसुव्रत नाथ मंडल पूजा विधान का आयोजन किया गया। इस मौके पर जैन बंधुओं ने चातुर्मास करने के लिए श्रीफल भेंट किया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इससे पूर्व जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रत नाथ की लगभग 2500 वर्ष प्राचीन व अतिशयकारी पद्मासन प्रतिमा के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने महामस्तकाभिषेक किए।





### चातुर्मास के लिए निवेदन

इस मौके पर जयपुर, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, केशवरायपाटन सहित पूरे देश से श्रद्धालओं ने लाभ उठाया। इस मौके पर जयपुर जैन समाज की ओर से पूज्य गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ को जयपुर में वर्ष 2024 के चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट कर निवेदन किया।

### जैन भजनों पर भक्ति नृत्य

श्री मुनिसुव्रतनाथ पूजा विधान के दौरान श्रद्धालुओं ने जैन भजनों पर भक्ति नृत्य किए। आयोजन में कोटा जैन समाज अध्यक्ष विमल नागदा, कार्याध्यक्ष जेके जैन, महामंत्री विनोद जैन टोरड़ी, जयपुर के रमेश ठोलिया, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, श्री धर्म जागृति संस्थान प्रदेश अध्यक्ष पदम चन्द बिलाला, श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर के सूर्य प्रकाश छाबड़ा, दीपक बिलाला, आलोक मित्तल, मनीष लुहाड़िया, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, देवेन्द्र गिरधरवाल, सौरभ जैन, गजेन्द्र शाह, श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जहाजपुर के मंत्री ज्ञानेन्द्र जैन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 05 मई, 2024



खुशी का इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि आपके पास क्या है या क्या नहीं है। खुशी का संबंध इस बात से है कि आप क्या हैं।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



ब्राजील में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही है बारिश

# ब्राजील में बाढ़ से हाहाकार, 39 की मौत... 70 लापता



- हजारों घर और वाहन पानी में डूबे
- मुख्य राजमार्ग बाढ़ के पानी में बहे, संपर्क कटा

**एजेंसी** | रियो डी जनेरियो

ब्राजील के कई राज्यों में इस समय तेज बारिश हो रही है। ये बारिश पिछले कई दिनों से लगातार हो रही है। बारिश का प्रभाव इतना ज्यादा है कि इसके चलते कई हिस्सों में बाढ़ आ गई है।

पूरे ब्राजील में हालात बेकाबू हो गए हैं। अब तक तकरीबन 39 लोग अपनी जान गवा चुके हैं वहीं 70 से ज्यादा लोग लापता है। इसके साथ ही कई हजार लोग अपने घर को छोड़ने के लिए मजबूर हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अपने 'X' पर लिखा 'इस बारिश से प्रभावित हुए लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी सरकार हरसंभव कोशिश करेगी।' एजेंसी ने बताया कि बारिश के कारण 10,000 से अधिक लोगों को अपने घर छोड़कर जाना पड़ा। वहीं हजारों घर और वाहन पानी में डूबे हुए हैं। मुख्य सड़के पानी के बहाव में बह गई हैं।



## इंडोनेशिया में भी भीषण बाढ़

ब्राजील के बाद इंडोनेशिया में भी भीषण बाढ़ और भूस्खलन ने तबाही मचा दी है। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 14 लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय बचाव एजेंसी के प्रमुख मेक्सियनस बेकाबेल ने बताया कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के लुवु जिले में बृहस्पतिवार से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ।

तीन दिवसीय दौरे पर नेपाल पहुंचे CJI चंद्रचूड़

# साइबर अपराधों की ओर आकर्षित हो रहे किशोर

**एजेंसी** | काठमांडू

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई.चंद्रचूड़ 3 दिनों की विदेश यात्रा पर नेपाल में हैं। उन्होंने शनिवार को काठमांडू में कहा कि प्रौद्योगिकी के त्वरित विकास की पृष्ठभूमि में नाबालिगों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय डिजिटल अपराधों से निपटना बहुत जरूरी हो गया है। इसके लिए किशोर न्याय प्रणालियों को अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाकर एवं सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके सामंजस्य स्थापित करना होगा।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ नेपाल के प्रधान न्यायाधीश (सीजेएन) बिश्वम्भर प्रसाद श्रेष्ठ के निमंत्रण पर नेपाल की तीन-दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हैं। किशोर न्याय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, ''किशोर न्याय पर चर्चा करते समय, हमें कानूनी विवादों में उलझे बच्चों की कमजोरियों और उनकी अनूठी जरूरतों को पहचानना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी न्याय प्रणालियां समाज में सहानुभूति, पुनर्वास को बढ़ावा दे और पुनः एकीकरण के अवसरों को अनुकूल हों।'' उन्होंने कहा कि किशोर न्याय की बहुमुखी प्रकृति और समाज के विभिन्न आयामों के साथ इसके अंतर्संबंधों को समझना महत्वपूर्ण है।




## युवाओं को शिक्षित करने की आवश्यकता

डिजिटल प्लेटफार्म की गुमनामी और पहुंच प्रवेश की बाधाओं को कम करती है, जिससे युवा व्यक्ति अवैध गतिविधियों की ओर आकर्षित होते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, "इसका तेजी से प्रसार किशोरों की ऑनलाइन खतरों के प्रति संवेदनशीलता को उजागर करता है। डिजिटल युग में युवाओं को शिक्षित और सुरक्षित करने के लिए सक्रिय उपायों की आवश्यकता है और डिजिटल साक्षरता, जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार तथा प्रभावी अभिभावक मार्गदर्शन पर जोर देना साइबर से संबंधित जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण घटक साबित होगा।" उन्होंने कहा कि किशोर न्याय प्रणालियों को "अंतरराष्ट्रीय सहयोग तंत्र को बढ़ाकर और किशोरों से जुड़े डिजिटल अपराधों की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति से निपटने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके सामंजस्य स्थापित करना चाहिए"।

## प्रत्यर्पण और स्वदेश वापसी प्रोटोकॉल बनाना भी जरूरी

सीजेआई ने कहा, "इसमें प्रत्यर्पण और स्वदेश वापसी के लिए प्रोटोकॉल स्थापित करना, साथ ही कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सूचना साझा करना और सहयोग को सुविधाजनक बनाना शामिल है।" उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर, बाल संरक्षण नियमों में विशिष्ट प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि किशोर न्याय प्रणाली में शामिल सभी हितधारकों के पास बच्चों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, "अक्सर, हम किशोरों के सुधार पर विचार करने के बजाय उनके द्वारा किए गए अपराधों पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

# अमेरिका में कातिल नर्स को 780 साल की सजा!

**वॉशिंगटन** । अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में 41 साल की नर्स हीदर प्रेसडी को हत्या के तीन मामलों और हत्या के प्रयास के 19 मामलों में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अमेरिकी ने तीन साल तक कई मरीजों को जान से मारने के प्रयास में उन्हें इंसुलिन की जानलेवा डोज दिया था। दोषी नर्स को शनिवार को 380-760 वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत को बताया गया कि वह 2020 और 2023 के बीच पांच स्वास्थ्य सुविधाओं में कम से कम 17 मरीजों की मौत के लिए जिम्मेदार थी। प्रेसडी पर 22 मरीजों को अत्यधिक मात्रा में इंसुलिन देने का आरोप था।

बाल्टीमोर पुल दुर्घटना

# जहाज पर अब भी फंसे हैं कई भारतीय

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका के बाल्टीमोर में दुर्घटना के कारण पुल गिरने के 35 दिन बीत चुके हैं, लेकिन भारतीय चालक दल के 20 सदस्य जहाज पर ही फंसे हुए हैं। यह दुर्घटना 26 मार्च को हुई थी। इसके कारण बाल्टीमोर पुल का एक हिस्सा टूटकर पानी में गिर गया था। अगर दुर्घटना नहीं हुई होती, तो चालक दल के सदस्य अपने गंतव्य श्रीलंका पहुंच गए होते। लेकिन मजबूरन वे अमेरिकी बंदरगाह शहर बाल्टीमोर के तट पर मालवाहक जहाज डाली में रहने को मजबूर हैं। डाली के स्वामित्व वाली कंपनी के एक प्रवक्ता जिम लॉरेंस ने कहा कि भारतीय क्रू सदस्य अब भी क्रू पर मौजूद हैं।

## महीने भर और रह सकते हैं यात्री

लॉरेंस ने कहा कि जहाज पर अपनी ड्यूटी के साथ ही दुर्घटना को लेकर चल रहे जांच कार्य में भी वे सहायता कर रहे हैं। उनकी लगातार काउंसिलिंग भी की जा रही है। भारतीय दूतावास की ओर से उन लोगों की जानकारी देने से इनकार कर दिया गया है, जो अब भी जहाज पर हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये सभी जहाज पर कुछ हफ्ते या महीने और रह सकते हैं। उन्हें जब जाने की अनुमति दी जाएगी, तो उन सदस्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो जूनियर हैं।



## नए पुल का होगा निर्माण

बार्कले के विश्लेषकों का अनुमान है कि हादसे में बीमे का कुल खर्च तीन अरब डॉल तक हो सकता है, जिसके लिए सालों तक कानूनी प्रक्रिया चलेगी। बताया गया कि शिप का मालिकाना हक सिंगापुर की कंपनी के पास है और उसने जहाज का बीमा कराया है। बीमा कंपनियों पर तीन अरब डॉलर का जुर्माना लग सकता है, जिसे कई कंपनियों में बांटा जाएगा। हादसे में हुए पुल के नुकसान, लोगों की मृत्यु और कारों के डूबने का अलग-अलग आकलन होगा। एक अनुमान के अनुसार, नए पुल के निर्माण में करीब 1.5 अरब डॉलर का खर्च आ सकता है।

प्रशासन ने शुरू की मुफ्त कक्षाएं, लोगों ने सीडीए की तारीफ की

# पाक में आधिकारिक तौर पर शुरू हुआ योग

**इस्लामाबाद**। पूरी दुनिया में लोकप्रियता हासिल करने के बाद भारत की प्राचीन शारीरिक और मानसिक एक्सरसाइज योग अब पाकिस्तान में भी आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है। दरअसल पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की कैपिटल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर मुफ्त योग कक्षाएं शुरू करने का ऐलान किया है। सीडीए, इस्लामाबाद के विकास के लिए जिम्मेदार संस्था है। सीडीए ने फेसबुक पर साझा पोस्ट में बताया है कि शहर के मुख्य पार्क एफ-9 में मुफ्त योग कक्षाएं संचालित की जाएंगी। पाकिस्तान के कई नागरिकों ने सीडीए के इस कदम की तारीफ की है। पहले से ही कई लोग योग कक्षाओं से जुड़ गए हैं और सोशल मीडिया पर पाकिस्तान में लोगों के योग करते हुए तस्वीरें साझा की गई हैं। एक यूजर ने सीडीए की इस पहल की तारीफ करते हुए लिखा कि ये एक अच्छी पहल है।








सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl